वर्ष- 22 अंक - 114 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 07 अक्टूबर 2026

## साढ़े 3 साल में पहली बार बढ़ा रेपो रेट

नई दिल्ली ● एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक की तीन दिवसीय एमपीसी बैठक के नतीजे आ गए हैं। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस बैठक में लिए गए फैसलों का ऐलान करते हुए लोन लेने वालों को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, आरबीआई ने रेपो रेट बढ़ा दिया है और इसमें 25 बीपीएस का इजाफा करते हुए इसे 5.50 प्रश कर दिया है। इससे पहले करीब 3.5 साल से ये 5.25 पर स्थिर था। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से होम लोन या कार लोन लेने वाले ग्राहकों पर ईएमआई का बोझ बढ़ सकता है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वेस्ट एशिया संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। इस बीच ग्लोबल महंगाई बढ़ने, एनर्जी प्राइस से खाने-पीने की चीजों तक के दाम बढ़ने पर चिंता जताई।

**होम लोन से कार लोन तक होंगे महंगे, बढ़ेगी ईएमआई**

## राहुल-प्रियंका पर केस

## चुनाव आयोग के दफ्तर पर आज फिर प्रदर्शन

नई दिल्ली ● एजेंसी

आकाशवाणी भवन में एंट्री को



लेकर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई नेताओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत मिली है। शिकायत में नेताओं पर जबरन परिसर में घुसने का आरोप लगाया गया है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

इंडिया ब्लॉक के दल दिल्ली में आज चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करेंगे। विपक्षी दल SIR को वापस लेने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई (एम), राजद, एमपीसी और आरएसपी समेत कई दल प्रदर्शन में शामिल होंगे। प्रदर्शन से पहले दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### ज्ञानेश कुमार का छत्तीसगढ़ दौरा टला

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का 7 और 8 अक्टूबर को होने वाला छत्तीसगढ़ दौरा टाल दिया गया है। दौरे में ज्ञानेश कुमार को दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी माता मंदिर, बस्तर के चित्रकोट वॉटरफॉल जाना था।





## मोदी के सार्वजनिक जीवन के पूरे हुए 25 साल

**विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद**

नई दिल्ली ● एजेंसी

25 साल पहले गुजरात से शुरू हुआ एक राजनीतिक सफर आज एक खास पड़ाव पर पहुंच गया है। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के आज 25 साल पूरे हो गए। इस खास दिन की शुरुआत प्रधानमंत्री ने दिल्ली के श्री विनायक मंदिर में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आशीर्वाद के साथ की। मोदी देशभर के कार्यकर्ताओं से वर्चुअल बात करेंगे। मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवासंकल्प अभियान का समापन भी आज मोदी के गृहनगर वडनगर में होगा।

## उत्तराखंड-हरियाणा में ओले गिरे, लखनऊ में 6 दोस्त बहे

**बुधवार.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में 10 नदियां उफान पर हैं। लखनऊ और सीतापुर समेत 7 जिलों में और गोंडा के 10 गांवों में अभी भी बाढ़ है। लखनऊ के इटौंजा में बाढ़ के पानी के तेज बहाव में 6 दोस्त बह गए। एक की मौत हो गई। 5 को बचा लिया गया। उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हुई। देहरादून में बारिश हुई जबकि अल्मोड़ा और उत्तरकाशी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, हरियाणा के पंचकूला में भी ओले गिरे। केदारनाथ में खराब मौसम के कारण तीर्थयात्रियों की हालत खराब है। कई यात्री बीमार हो गए।

## मतपत्र से हुए चुनाव में भी हारी कांग्रेस

**सिलचर.एजेंसी।** असम के सिलचर नगर निगम के चुनाव में बीजेपी के अगुवाई वाली एनडीए को बड़ी जीत मिली है और कांग्रेस को करारी हार मिली। कुल 42 सीटों में एनडीए के खाते में 34 सीटें मिली हैं। सिलचर नगर निगम के चुनाव ईवीएम की बजाए बैलेट से कराए गए थे।

## रातभर कांपी धरती, अब अरुणाचल में भूकंप

**बुधवार.एजेंसी। उत्तराखंड में भूकंप के बाद अरुणाचल में भी भूकंप आया है। उत्तराखंड के चमोली जिले में कल रात 4.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद दिल्ली और आस-पास के इलाकों में इसके झटके महसूस किए। अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग में आधी रात को धरती कांप उठी। भूकंप के झटके से लोगों की नींद उड़ गई।**

## 92 करोड़ का घोटाला, 20 जगह छापे

**बुधवार.एजेंसी।** केरल में प्रवर्तन निदेशालय ने तीन को-ऑपरेटिव्ह सोसायटी में 92 करोड़ के घोटाले को लेकर 20 स्थानों पर छापे मारे। ये छापे मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में मारे गए हैं। त्रिशूर, एर्नाकुलम और कोझिकोड में ये छापे मारे गए हैं।

## जहरीली गैस से 4 छात्रों की मौत

**मथुरा.एजेंसी।** वृंदावन के चैतन्य बिहार स्थित महर्षि पाणिनि संस्कृत गुरुकुलम में सबमर्सिबल पानी के टैंक की सफाई करने उतरे चार छात्रों की जहरीली गैस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक छात्र रुद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। सबसे पहले एक छात्र सफाई के लिए टैंक के अंदर उतरा। लेकिन अंदर मौजूद जहरीली गैस के असर से वह तुरंत बेहोश हो गया। बाहर खड़े साथियों ने उसे आवाज दी पर कोई जवाब न मिलने पर मदद के लिए एक-एक करके 4 अन्य छात्र भी टैंक में उतर गए। जहरीली गैस के कारण सभी छात्र अंदर ही अचेत हो गए।

## फाइव स्टार होटल में नागालैंड की लड़की से बदसलूकी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित एक फाइव-स्टार होटल की पार्किंग में नागालैंड की युवती और उसके दोस्तों पर हॉकी स्टिक और लोहे की रॉड से हमला हुआ। पुलिस ने तीन आरोपियों दिव्यांशु, गौरव और मोहित को गिरफ्तार किया है। युवती ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह पार्किंग एरिया में खड़ी थी। इस दौरान, सफेद रंग की मर्सिडीज में आए तीन युवकों ने उसके साथ बदसलूकी की और उसे जबरन कार में खींचने की कोशिश की।

## ड्रोन हमले से धूं-धूं कर जला जहाज, बाल-बाल बचे 25 भारतीय



**मास्को.एजेंसी। रूस के पास ब्लैक सी में लाइबेरिया के झंडे वाले तेल टैंकर में आग लग गई। टैंकर पर 23 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। हमले के बाद इमरजेंसी टीमों ने सभी का रेस्क्यू किया। टैंकर पर यूक्रेन की ओर से आए ड्रोन से हमला हुआ था। हमले के बाद जहाज में आग लगी और समुद्र में कच्चा तेल जलता दिखाई दिया।**



## शादी में बारिश से झुकने लगी छत तो कुर्सियों से दिया सहारा

**सिडनी.एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शादी की रिसेप्शन पार्टी के दौरान अचानक तेज बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई। छत पर पानी और ओलों का वजन बढ़ने से वह नीचे झुकने लगी। इसके बाद मेहमानों ने कुर्सियों से छत को सहारा देने की कोशिश की।

## दशहरा से पहले रावण की निकली शोभायात्रा, हुई पूजा

**प्रयागराज.एजेंसी।** प्रयागराज में दशहरा उत्सव की शुरुआत रावण दहन से पहले लंकाधिपति रावण की पूजा और भव्य शोभायात्रा से हुई। पितृ पक्ष की एकादशी पर ऋषि भारद्वाज आश्रम के शिव मंदिर में रावण की पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद रावण रथ पर सवार होकर परिवार और मायावी सेना के साथ शहर में निकले।

# बाबा रामदेव की कम्पनी ने पूर्व सांसद से मानहानि का केस वापस लिया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



## सांसद रहते दिया था पतंजलि घी को लेकर बयान, पिछले माह बनी थी प्रकरण वापस लेने को लेकर सहमति

पतंजलि फूड्स लिमिटेड बाबा रामदेव की कम्पनी है और 2022 में तत्कालीन सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बयान जो पतंजलि घी की गुणवत्ता पर दिया गया था। उसी के बाद पतंजलि फूड्स कार्यालय विजय नगर ने 50 करोड़ की मानहानि का मामला पहले जिला न्यायालय और फिर उच्च न्यायालय में पहुंचा था। पिछले माह बाबा रामदेव की कम्पनी और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बीच सितम्बर में इस प्रकरण को लेकर समझौते की पहल हुई थी और उसी के बाद कल न्यायालय प्रकरण में तिथि पर याचिका वापस लेने की अनुमति माननीय न्यायालय से मांगी गई थी। जानकार बता रहे हैं कि न्यायालय ने दोनों पक्षों के बीच समझौते की जानकारी मिलने के बाद याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि कम्पनी ने 2022 में तत्कालीन सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बयान के बाद ही यह कदम न्यायालयीन प्रक्रिया का चलाया था और कम्पनी ने 50 करोड़ की मानहानि का दावा लगाया था, जिसमें बताया था कि बृजभूषण के बयान के बाद से कम्पनी की छवि और कारोबार को नुकसान पहुंचा है और यह भी कहा था कि बयान के बाद उनके शेयर मूल्य पर असर पड़ा है और कम्पनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उसी बयान के आधार पर पतंजलि फूड्स कम्पनी ने तत्कालीन सांसद के खिलाफ मानहानि का प्रकरण लगाया था। अभी बृजभूषण सांसद नहीं है। जानकारों ने यह भी बताया कि सितम्बर के अंत में दोनों पक्षों के बीच न्यायालयीन प्रकरण को खत्म करने पर सहमति बनी थी। अब करीब 4 साल से चल रहे इस कानूनी मामले को समझौते के बाद समाप्त माना जाना रहा है।

# दीनदयाल रसोई योजना में मंत्री ने किया सेवा कार्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



शहरी गरीब एवं श्रमिक वर्ग को सुलभ दर पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दीनदयाल रसोई चलित केंद्र का किया निरीक्षण किया और फिर जरूरतमंदों को खुद भोजन की थालियां दीं।

# श्राद्ध की गर्मी और पानी नहीं गिरने की उमस के बीच स्विमिंग पूल में उतरे जनप्रतिनिधि

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




नेहरू पार्क स्विमिंग पूल में लम्बे समय से काम चल रहा था। कल इसे जनता के लिए फिर से खोल दिया गया। इसके पहले जनप्रतिनिधियों ने इस श्राद्ध पक्ष में भभक रही गर्मी और पानी की कमी के कारण बढ़ी उमस के बीच इन जनप्रतिनिधियों ने अपने आपको पानी की ठंडक से तरोताजा किया। क्लोरीन युक्त साफ पानी में इन जनप्रतिनिधियों ने छलांग लगाई। विधायक महेन्द्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया सहित अन्य मौजूद थे। इस स्विमिंग पूल की तैयारी में एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने खूब मेहनत करवाई है। यह स्विमिंग पूल पुराना होकर इंदौर की यादों से जुड़ा तैराकी की पहचान वाला पूल है। यह पूल नए स्वरूप में प्रारंभ हो गया। इसमें दो नए फिल्टर और जिम की सुविधा के साथ अलग सेपरेट चेम्बर और चैंजिंग रूम भी बनाए गए हैं। नन्दकिशोर पहाड़िया ने कहा कि डायविंग और स्विमिंग को इस स्विमिंग पूल से बढ़ावा मिलेगा।

# स्थापित मशाल और पंडाल की तैयारी भाजपाइयों ने देखी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा राष्ट्र सेवा को लेकर भाजपा सेवा संकल्प अभियान चला रही है। इसी कड़ी में आज सेवा ज्योति संकल्प यात्रा भाजपा ने हर विधानसभा के हर मंडल के हर वार्ड के प्रत्येक बूथ से निकाली। भाजपाई हितग्राहियों को लेकर आज सुबह आईडीए ग्राउंड विजय नगर के सामने पहुंचे। इस यात्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने तैयारियां की थी और कल रात भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, रणवीरसिंह रावत, जयपालसिंह चावड़ा, रमेश मेंदोला, श्रवणसिंह चावड़ा सहित अन्य बने टेंट, शामियाना और बैठक व्यवस्था देखने पहुंचे। साथ ही डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रतिमा के समीप लगाई गई सेवा ज्योति मशाल को निहारने भी भाजपाई पहुंचे। पूरे कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

# भाजपा संगठन महामंत्री का स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। आयोजन के लिए चन्द्रशेखर इंदौर आए तो विमानतल पर उनका स्वागत करने भाजपाई पहुंचे और उनका स्वागत भी किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा से लेकर जिला अध्यक्ष, महापौर, विधायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



# सांसद रहे विद्यार्थियों के बीच मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आई जी एस -फेरोको टर्ज़ाघी ओरेशन का आयोजन आई पी एस एकेडमी, इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड साइंस इंदौर में किया गया। इस चैप्टर में भाग लेने के लिए देशभर से आईआईटीयंस आये। जिन्होंने कचरा प्रबंधन और पर्यावरण को लेकर चर्चा की।'नेक्स्ट जनरेशन जिओ एंवॉयरमेंटल सॉलुशंस : इनोवेट,एडॉप्ट एंड सस्टेन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। सांसद शंकर लालवानी अतिथि थे। इस दौरान अचल चौधरी, डॉ.अर्चना कीर्ति चौधरी, डॉ. अमित शर्मा, डॉ नीलिमा सत्यम, डॉ. मनोज दत्ता, डॉ अनिल जोसेफ मौजूद थे। सात विशेषज्ञों डॉ. एस.के. प्रसाद, डॉ. आशीष जुनेजा, डॉ. मोहित सोमानी, डॉ. बी. जानकीरामय्या, डॉ. एन. उन्नीकृष्णन,डॉ. अर्पित जैन ने संगोष्ठी में चर्चा की।

# कचरा ढेर और गंदगी से परेशानी कांग्रेस



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता शेख शाकिर मसूदी ने वार्ड 53 मदीना नगर गेट पर कचरों के ढेर और गंदगी को लेकर आमजन को परेशानी का मुद्दा उठाया और कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कल एक दिन की गंदगी से क्षेत्र में परेशानी का सबब नजर आया और कचरों का अम्बार लग गया। शासन से लेकर निगम की भाजपा परिषद को चाहिए कि वे सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करें। जो सालों से काम कर रहे है उन्हें स्थायी करे। पांच दिन की अगर हड़ताल हो गई तो शहर कचरों से पट जाएगा और मच्छर घरों में घुस गए तो सोना खराब कर देंगे।

# सांसद ने शुरू कराया कृमि मुक्ति के लिए गोली का वितरण





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्र सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश के साथ इंदौर में भी कल राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। मालव कन्या स्कूल महूनाका में विद्यार्थियों को सांसद शंकर लालवानी ने कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी भी दी और संबंधित गोली के बारे में भी जानकारी दी। लालवानी ने कहा कि 1 से 19 वर्ष के 12 लाख 31 हजार 546 बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह गोली शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में विगत कई दिनों से पहुंचाई जा रही है। पालक जानकारी के अभाव में इस गोली को अपने बच्चे को दे नहीं रहे हैं। सभी स्कूलों के प्राचार्य पर स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग का गोली वितरण का दबाव है और पालक इस गोली को अपने बच्चे को देने को तैयार नहीं है और प्राचार्य भी बगैर पालक की स्वीकृति के बच्चों को गोली नहीं दे रहे हैं। इसीलिए सांसद ने कल कृमि मुक्ति दिवस पर विद्यार्थियों को गोली का महत्व बताया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, डॉ. तरुण गुप्ता, डॉ. मनीषा पंडित, डॉ. शिवराजसिंह चौहान, विनय पाण्डे, आरके कोरी सहित अन्य मौजूद थे।

# आज से तीन दिनों तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का विशेष अभियान

### सभी मतदान केन्द्रों पर शिविर, फार्म-6 में आवेदन करना होंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज से तीन दिनों 9 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष अभियान शुरू हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि नाम जुड़वाने के आवेदन फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित होंगे, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने सभी से अपील की है कि मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन करें और जिनके नाम नहीं है वे फार्म-6 भरकर नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करें। महत्वपूर्ण बात यही बताई कि फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा। आज से शुरू हुए इस अभियान में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। राजनीतिक दल भी अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से मतदाता सूची का निरीक्षण करवाकर पात्र लोगों को मतदाता बनवाने में सहयोग करेंगे और बीएलओ से मिलकर फार्म-6 भरवाकर आगे की प्रक्रिया जारी करवाएंगे।



# कांग्रेस ने फिर दूसरी बार भागीरथपुरा का रुख किया

### पहले 8 परिवार और कल 15 पीड़ित परिवार से मिले, अभी और रहेगा दौरा जारी

## अध्यक्ष बोले जब तक न्याय नहीं तब तक उठेगी बात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस का दल कुछ ही दिनों के अन्तराल के बाद दूसरी बार कल फिर भागीरथपुरा पहुंचा और वहां दूषित जल से जान गंवाने वाले घर पर कांग्रेसी पहुंचे। कांग्रेसियों से मृतकों के परिजन ने कहा हादसे के दोषियों को सजा मिलना चाहिए। इधर चौकसे ने कहा जांच रिपोर्ट से हम संतुष्ट नहीं हैं। कांग्रेस ने कहा कि हम चुप बैठने वाले नहीं है, जिन पीड़ित परिवार से हमने दूसरे दौर में भी चर्चा की उनमें जो बीमार हुए थे उनकी अभी भी हालत ठीक नहीं है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने बताया कि भागीरथपुरा के जल हादसे पर न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट सामने आने के बाद अब एक बार फिर यह मामला चर्चा में आ गया है। आज इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे अपने साथियों के साथ भागीरथपुरा की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के घर पर पहुंचे। वहां जाकर उन्होंने इन लोगों से मुलाकात की और उन्हें जांच आयोग की रिपोर्ट की जानकारी दी। यह जानकारी मिलने के बाद मृत व्यक्तियों के परिजनों ने कहा कि इस घटना के लिए दोषी महापौर, पार्षद, विधायक, निगम आयुक्त को सजा मिलना चाहिए। इन लोगों का कहना था कि अभी तक हमें कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया है। बहुत सारे परिवार में तो एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद भी हमारी सुध लेने में सरकार ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। सरकार की ओर से कोई पैसा अब तक नहीं मिला है।



मृत व्यक्तियों के परिजनों का कहना था कि सरकार ने घोषणा की थी कि अस्पताल में इलाज करने का खर्चा सरकार के द्वारा उठाया जाएगा। यह घोषणा भी गलत साबित हुई है। हम लोगों ने अपने परिवार के बीमार सदस्यों का जो इलाज कराया, उसका पैसा खुद चुकाया है। इसके साथ ही हमने अपने परिवार के मृत व्यक्ति की लाश को अस्पताल से लेने के लिए भी पैसा दिया है। सरकार की ओर से हमें किसी भी स्तर पर कोई मदद नहीं मिली है। चौकसे ने कहा कि लोगों की भावना के अनुसार कांग्रेस इस मामले को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतरेगी। हम कोशिश करेंगे कि हर दोषी को सजा मिलना चाहिए। न्यायिक आयोग के द्वारा भागीरथपुरा के पीड़ितों के लिए जो राहत और मुआवजे की अनुशंसा की गई है वह सरकार के द्वारा तत्काल इन परिवारों को दिया जाना चाहिए। मुलाकात के दौरान घनश्याम यादव, महेश खीची, छोटे लाल मौर्य, छोटे लाल पहलवान कश्यप, मनोहर यादव, संतलाल यादव, राम नारायण बौरासी, अमित यादव, रानू मलोरिया, नितेश बौरासी, प्रवीण सूर्यवंशी, गणेश कैथवास, पूनम सांवरिया, हिमांशु मलोरिया, हरीश यादव, मयंक भरतवाज, अशोक यादव, राजेश यादव, लक्की कश्यप मौजूद थे। कांग्रेस अब तीसरा दौरा फिर बचे हुए परिवार में करेगी और इसके बाद पीड़ित परिवारों को साथ लेकर मुआवजा, दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आन्दोलन, प्रदर्शन भी करेगी।

# विशेष ट्रेन संचालन और कोच बढ़ाने की मांग-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री एवं ज़ेडआरयूसीसी सदस्य संजय बाकलीवाल ने महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे, मुंबई मंडल रेल प्रबंधक एवं रतलाम मंडल पदाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के संचालन एवं जनरल कोच बढ़ाए जाएं। आगामी दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर बड़ी संख्या में यात्री अपने गृह नगरों की ओर यात्रा करेंगे एवं वापस भी अपने कार्य क्षेत्र पर आएंगे। इसके कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली एवं यहां से प्रारंभ होने वाली प्रमुख ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ है तथा कई ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 125 से अधिक पहुंच चुकी है। वर्तमान स्थिति में आम यात्रियों को आरक्षित टिकट नहीं मिल पा रहे हैं तथा जनरल कोचों में भी अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार एवं उत्तर भारत की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर तत्काल अतिरिक्त/स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाए। साथ ही जनरल कोचों की संख्या बढ़ाई जाए, संभावित यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा समय रहते अतिरिक्त ट्रेनों एवं कोचों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आशा है कि यात्री सुविधा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। बाकलीवाल ने पत्र में कहा कि यात्री सुविधा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# निगम दफ्तर उपपंजीयक कार्यालय को बंद कर दें -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी कर कहा कि उपपंजीयक कार्यालय में सन् 2000के बाद से रजिस्ट्री कार्यालय दफ्तर आने वाले पक्षकारों को संपत्ति कर जमा करने, नामांतरण आवेदन लेने एवं जमा करने तथा नामांतरण आदेश लेने में सहुलीयत हो इसलिए सरकार ने पंजीयन महानिरीक्षक से आदेश करवा यह दफ्तर खुलवाया था। नवीन प्रशासनिक संकुल भवन बनने पर वकीलों ने इसे रिकॉर्ड रूम पास जगह देने का विरोध भी किया था, फिर जनहित में सहमति दी। इंदौर नगर निगम में सबसे अधिक राजस्व देने वाले दफ्तर में से एक यह है। पहले बारसान नामांतरण बंद किया गया फिर नये खाते के बाद अब सभी प्रकार के नामांतरण पर रोक यहां तक कि नामांतरण आवेदन भी नहीं लेने का आदेश जारी किया गया है। इस पर पंजीयन कार्यालय अभिभाषकों ने आपत्ति ली है कि अगर घोटाला, फर्जी काम हुए और नामांतरण की नवीन व्यवस्था की गई, तो उसका स्वागत है परंतु क्या इससे सभी कार्यालय की जन सुविधा छीनी जायेगी। द्विवेदी ने कहा कि अगर ऐसा है तो दफ्तर बंद करें। हम वकील वहां अपना दफ्तर या खोज प्रमाण पत्र रूम या महिलाओं खातिर बैठक रूम बनवा लेंगे। इसका कारण यह है कि सम्पतिकर व जलकर ऑनलाइन भी जमा हो जाता है, तो फिर दफ्तर की आवश्यकता नहीं और जब दफ्तर में सुविधा नहीं तो दफ्तर क्यों। एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी के साथ अधिवक्ता राजकुमार वर्मा, सतनाम सिंह छाबड़ा, संदेश एकतारे ने भी इसी तरह की बात कही है और द्विवेदी की बात से सहमति जताई है। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी द्वारा दी गई।



# बूथ से निकले हितग्राहियों को लेकर भाजपाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा आज सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत सेवा ज्योति संकल्प यात्रा निकाल रही है। हर बूथ से भाजपा सरकार के लाभ लेने वाले हितग्राहियों को लेकर आईडीए ग्राउंड विजय नगर से रैली के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होने वाले थे वे और कहीं व्यस्त होने से नहीं आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल उद्बोधन कार्यक्रम भी भाजपाइयों और हितग्राहियों ने सुना। प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर और सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी आयोजन में पहुंच गए थे।**

**राहुल गांधी के हिरासत की निंदा- इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू दीवान ने वोट चोरी के मामले में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कांग्रेसियों और विपक्षी दलों ने दिल्ली में धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी को हिरासत में भी लिया गया। इस मामले में दीवान ने राहुल गांधी को हिरासत में लेने की निंदा की है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा भी मांगा है।

## भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच जैन मंदिर में मुलाकात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन मुनि साध्य सागर म.सा. का दीक्षा दिवस पर बीस पंथी मन्दिर की चातुर्मास कमेटी ने मोदीजी की नसिया में आयोजन किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कार्यक्रम में अलग से पहुंचे थे। वहीं शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल भी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद प्रजापति और पूर्व मंत्री बाला बच्चन को लेकर मोदीजी की नसिया पहुंचे थे। वहां विजयवर्गीय और प्रजापति एवं बच्चन के साथ उनकी चर्चा भी हुई। जैन समाज के आयोजन में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं की मुलाकात का दृश्य जैन समाजजन देखते रहे। भाजपा और कांग्रेस के लिए वरिष्ठ नेताओं के बीच सौहाद्रपूर्ण धार्मिक माहौल में अच्छी चर्चा हुई।

# शहर में सफाई की व्यवस्था चरमराई

## स्थिति और ज्यादा बिगड़ी, घर से कचरा लेने वाली गाड़ी भी कई क्षेत्रों में नहीं पहुंची

**आज फिर से सड़क पर थोकबंद कचरा फेका गया, कचरा उठवाने के लिए आउटसोर्स कर्मचारी लगाए**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





**सफाई मित्रों के द्वारा अपनी मांग को लेकर की जा रही हड़ताल के कारण शहर की सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। आज स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई है। आज कई क्षेत्रों में घर-घर से कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी भी नहीं पहुंची है।**

एक सफाई यूनियन के आव्हान पर स्थाई करने की मांग को लेकर सफाई कर्मियों के द्वारा हड़ताल शुरू की गई है। इस हड़ताल का आज तीसरा दिन है। आज शहर में सफाई की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। शहर की सड़कों पर तो झाड़ू लगाने का काम हुआ ही नहीं है इसके साथ ही कई क्षेत्रों में आज घर-घर से कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी भी नहीं पहुंची है। नगर निगम प्रशासन के द्वारा लाख या दावा किया जा रहा है की सफाई की व्यवस्था की स्थिति को संभाल लिया गया है। इस दावे के विपरीत शहर में सड़कों पर कचरा फैला हुआ नजर आ रहा है। कल की तरह आज भी नेहरू नगर क्षेत्र में अज्ञात लोगों के द्वारा सड़क पर कचरा फैला दिया गया। इस कचरे को उठाने के लिए नगर निगम के द्वारा आउटसोर्स से कर्मचारी बुलवाए गए हैं। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क पर सफाई करने वाले सफाई मित्र कम पर नहीं आए हैं। पिछले दो दिनों की अपेक्षा आज स्थिति और ज्यादा खराब होती हुई नजर आ रही है। निगम के अधिकारियों की ओर से व्यवस्था के नियंत्रण में होने का जितना दावा किया जा रहा है उतनी ही स्थिति बदतर हो गई है।

कल तो फिर भी घर-घर से कचरा संग्रहण करने के लिए गाड़ी पहुंच गई थी। इस गाड़ी में मौजूद हेल्पर के द्वारा काम नहीं किया जा रहा था और लोगों से कहा जा रहा था कि हम हड़ताल पर हैं इसलिए आप अपना कचरा खुद उठाकर गाड़ी में डालो। आज तो बहुत सारे क्षेत्र में गाड़ी ही लोगों के घरों पर नहीं पहुंची है। घर-घर से कचरा संग्रहण की गाड़ी के नहीं निकलने के बारे में निगम के अधिकारी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। इन अधिकारियों का तो हमेशा की तरह दावा है कि सुबह सही समर पर समय पर सारी गाड़ियां काम करने के लिए निकल गई थी। इसके साथ ही वे यह भी कहते हैं कि हो सकता है यदि कहीं गाड़ी नहीं पहुंची होगी तो अब पहुंच जाएगी। आज तो शहर में सड़क पर भी आते जाते या काम करते हुए सफाई मित्र नजर नहीं आ रहे थे। इसके साथ ही कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां भी बहुत ही कम दिख पा रही थी। इस स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि सफाई कर्मियों की हड़ताल का आज तीसरे दिन बहुत ज्यादा गहरा असर हो गया है। ध्यान रहे की सफाई मित्रों के द्वारा 5 दिन की हड़ताल घोषित की गई है। यह 5 दिन की हड़ताल राज्य सरकार और नगर निगम के लिए चेतावनी है। सफाई मित्रों का साफ कहना है कि उन्हें स्थाई किया जाना चाहिए ताकि उन्हें पर्याप्त वेतन मिल सके और वह उसे वेतन के आधार पर अपना तथा अपने परिवार का जीवन यापन कर सके। अभी बड़ी संख्या में सफाई कर्मी या तो दैनिक वेतन भोगी है या फिर आउटसोर्स के आधार पर काम कर रहे हैं। इन सफाई कर्मियों को नगर निगम के द्वारा पर्याप्त वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस स्थिति के कारण ही सफाई कर्मियों में जोरदार आक्रोश पैदा हो गया है।

### फिर शासन को प्रस्ताव भेजने की बात

जब भी सफाई मित्रों के द्वारा उन्हें स्थाई करने और विनियमित करने की मांग उठाई जाती है तो इंदौर नगर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि एक ही बात कहते हैं कि इस बारे में हम प्रस्ताव मंजूर कर राज्य सरकार के पास भेजेंगे। सरकार के द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने पर इस दिशा में काम किया जाएगा। पिछले कई सालों से नगर निगम लगातार इस तरह के प्रस्ताव तैयार कर सरकार के पास भेजता रहा है और सरकार के द्वारा उन प्रस्ताव पर कोई काम नहीं किया जाता है। इस स्थिति से सफाई मित्र भी वाकिफ है। यही कारण है कि इस बार वे सीधी लड़ाई लड़ रहे हैं।

# इंदौर का तापमान 36 डिग्री के ऊपर निकला

## अभी से लोग तेज गर्मी के कारण होने लगे परेशान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। क्लाइमेट चेंज के परिणाम स्वरूप इंदौर का तापमान तेज गति से बढ़ रहा है। कल तापमान इस मौसम में सर्वाधिक 36 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस बार ठंड का मौसम शुरू होने के बाद नागरिक गर्मी से दो-दो हाथ करते हुए नजर आ रहे हैं। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद हमेशा ठंड का मौसम शुरू होता है। इस ठंड के मौसम की शुरुआत 1 अक्टूबर से हो गई है। मौसम बदल जाने के बावजूद हालात नहीं बदल पा रहे हैं। 1 अक्टूबर से इंदौर में तेज गर्मी शुरू हो गई है। गत 1 अक्टूबर से लेकर अब तक इंदौर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था। अब कल मंगलवार के दिन से यह तापमान बढ़कर 36 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कल इंदौर का अधिकतम तापमान 36.02 डिग्री सेल्सियस रहा है जो की सामान्य तापमान से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा है। इस तापमान के बढ़ जाने के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समय से ही नागरिकों को तेज गर्मी महसूस हो रही है। इस समय नागरिक एसी कलर और पंखे के बगैर नहीं रह पा रहे हैं। इसके साथ ही कल न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तापमान में इसी तरह की स्थिति रहेगी। नागरिकों को अभी गर्मी के हालात में ही रहना होगा।

# राजवाड़ा पर छज्जा गिरा नहीं, बल्कि हटाया गया

## निगम ने दिया स्पष्टीकरण, दूसरी ओर उठे सवाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कल रात को राजवाड़ा क्षेत्र में छज्जा गिरने की घटना को लेकर सनसनी फैल गई थी। इस बारे में नगर निगम के द्वारा यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है कि यह छज्जा गिरा नहीं था बल्कि हटाने के लिए गिराया गया था।**

निगम के द्वारा आज स्पष्ट स्थिति करते हुए कहा गया है कि छज्जा स्वतः अथवा दुर्घटनावश नहीं गिरा है, बल्कि नगर निगम द्वारा पूर्व में जारी किए गए सुरक्षा संबंधी निर्देशों के अनुपालन में बैंक प्रबंधन द्वारा उसे नियोजित एवं नियंत्रित तरीके से हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। निगम द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान संबंधित भवन के उक्त छज्जे की स्थिति जर्जर एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक पाई गई थी। इसके दृष्टिगत नगर निगम द्वारा संबंधित बैंक प्रबंधन को विधिवत नोटिस जारी कर जर्जर एवं खतरनाक छज्जे/भवन के हिस्से को सुरक्षित रूप से हटाने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे।



निगम द्वारा पूरी सुरक्षा की व्यवस्था के इंतजाम करने के बाद जर्जर एवं खतरनाक स्थल को हटाने के लिए बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए गए है जिसके अंतर्गत बैरिकेटिंग लगाना, कोई नागरिक स्थल पर नहीं पहुंचे इसके पूरे इंतजाम करना आदि निर्देश दिए गए। इस निर्देश के परिपालन में बैंक के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से युक्त छज्जे को हटवाने का कार्य कल रात को किया गया।

### निगम के स्पष्टीकरण पर उठे सवाल

राजबाडा पर कल रात करीब 8.30 बजे जब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक छज्जा गिरने की घटना सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई तो निगम ने इसको लेकर स्पष्टीकरण दिया है, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस इमारत की दूसरी मंजिल पर छज्जे के नवीनीकरण को लेकर स्ट्रक्चर लगाया था। यह स्ट्रक्चर दूसरी मंजिल से पहली मंजिल के छज्जे पर गिरा जिसके कारण दोनों छज्जे क्षतिग्रस्त हुए है। वहीं बिल्डिंग पर लगा बोर्ड भी लटक गया। इसको लेकर निगम ने स्पष्टीकरण तो जारी किया है लेकिन उस पर सवाल उठ रहे है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि रात को कोई मजदूर वहां पर काम नहीं कर रहा था।

# इंदौर से देवास गई मां की 21 फीट ऊंची बैलेंसिंग प्रतिमा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



शहर के मूर्ति कलाकारों ने इस वर्ष गणेशजी की भी कई बैलेंसिंग प्रतिमाएं बनाई थी। इसके अलावा एक प्रतिमा माता रानी की बनाई है। 21 फीट ऊंची प्रतिमा की बैलेंसिंग देखते ही बनती है। कल यह प्रतिमा इंदौर से देवास के लिए रवाना हुई। रास्ते में प्रतिमा को देख लोग रुक गए। मां की आकर्षित प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार अतुल ने बताया कि बैलेंसिंग मूर्ति बनाना चैलेंजिंग होता है। कई परेशानियां इसे बनाने में होती है। कई बार मिट्टी उचित स्थान पर टिक नहीं पाती है, तो कई बार मूर्ति का बैलेंस बनाना कठिन होता है। इसे एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना भी आसान नहीं है। कल जब देवास के लिए यह प्रतिमा रवाना हुई तो कई लोगों की टीम साथ में चल रही थी। 21 फीट हाइट होने के कारण ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को लेकर भी विशेष सावधानियां रखी गईं।






# पूर्व मुख्यमंत्री गंगवाल को याद किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पूर्व मुख्यमंत्री मिश्रीलाल गंगवाल को उनकी जयंती पर बिजासन-वीआईपी रोड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। नरेंद्र गंगवाल, निर्मल गंगवाल, रमेश गंगवाल, जुगलकिशोर गंगवाल, अनिल गंगवाल, सुरेंद्र बाकलीवाल, वीरेंद्र बडजात्या, कैलाश वेद, संजय विनायका, दिलीप राजपाल, अजय सीतलानी, पवन जैन, संगीता विनायका, रानी दोषी, रानी गंगवाल, रजनी गोधा, प्रीति अग्रवाल, इंदिरा गंगवाल, शकुंतला गंगवाल, लक्ष्मीनारायण कसेरा सहित अन्य मौजूद थे।

# स्विमिंग पूल उद्घाटन में चाय-नाश्ते के लिए मची लूटमार

**पहली बार निगम के आयोजन में नाम मात्र की थी चाय नाश्ते की व्यवस्था**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा कल नेहरू पार्क के स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन के कार्यक्रम में चाय-नाश्ते के लिए लूटमार मच गई। पहली बार नगर निगम के कार्यक्रम में चाय-नाश्ते की व्यवस्था नाम मात्र की की गई थी।

पिछले 2 साल से बंद पड़े नेहरू पार्क के स्विमिंग पूल का कल क्षेत्र के विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन के लिए स्विमिंग पूल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 150 से ज्यादा लोग पहुंच गए थे। इसमें बहुत बड़ी संख्या में वह लोग थे जो कि इस स्विमिंग पूल के लाइफटाइम मेंबर है। यह सभी लोग पिछले कई महीनो से इस स्विमिंग पूल के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। यही कारण है कि कल के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए लोगों के लिए नगर निगम के द्वारा चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। इस बार नगर निगम की व्यवस्था बहुत ज्यादा कमजोर थी। निगम ने नाम मात्र का चाय-नाश्ता रखा था। जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ वैसे ही लोग चाय-नाश्ते की टेबल पर टूट पड़े। ऐसे में मारामारी के बीच गाने चुने लोगों को ही चाय-नाश्ता मिल सका। जिन्हें यह चाय-नाश्ता मिला उन्होंने कर लिया और बाकी लोग निगम को कोसते हुए नजर आए। ऐसा पहली बार हुआ है जब नगर निगम के कार्यक्रम में निगम के द्वारा चाय नाश्ता रखा गया हो और वह इतनी कम मात्रा में कार्यक्रम में पहुंचाया गया हो।

### वरिष्ठ नागरिक ने लगा दी छपाक

यह घोषणा की गई थी कि इस स्विमिंग पूल का उद्घाटन महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा पूल में कूद कर तैराकी करते हुए किया जाएगा। जब कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की गई कि अब महापौर इस स्विमिंग पूल में कूदेंगे तो महापौर कूद पाए उसके पहले ही वहां मौजूद एक वरिष्ठ नागरिक ने तैरने के लिए पूल में छलांग लगा दी।

### विधायक ने निगम को कोसा

इस कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हार्डिया के द्वारा इस स्विमिंग पूल का निर्माण करने और शुरू होने में विलंब के लिए इंदौर नगर निगम को कोसा गया। उन्होंने कहा कि निगम के द्वारा समय पर ठेकेदार को भुगतान नहीं किए जाने के कारण यह स्थिति बनी है। ऐसे में लोगों को जो असुविधा हुई है वह गलत है।

# गरबा आयोजकों के लिए पुलिस ने जारी की गाइड लाइन

***मौजूद आयोजकों से नियम-कायदों पर करवाए हस्ताक्षर, सुरक्षा के कड़े निर्देश***



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर बाणगंगा थाना परिसर में क्षेत्र के मूर्ति स्थापना और गरबा पंडाल आयोजकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजको को एसीपी रुबीना मिजवानी और थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर द्वारा निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजकों को शासन द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए और

**सीसीटीवी कैमरे भी लगाएं, खासतौर से महिला सुरक्षा पर ध्यान दें**

सुरक्षा मानकों पर सहमति जताते हुए उनसे हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र भी प्राप्त कर हस्ताक्षर कराए गए, जिसमें गरबा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। आयोजकों को पांडाल परिसर में अनिवार्य रूप से उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिला सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने, पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर्स तैनात करने और विद्युत सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा पंडाल के आसपास की पहुंच गलियों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सेवा सेतु कैम्प में सात हजार ने लिया हिस्सा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत मालवा निमाड़ में सेवा सेतु कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इंदौर शहर, ग्रामीण क्षेत्र में ही अब तक सौ से ज्यादा स्थानों पर कैंपों का आयोजन हो चुका हैं। कंपनी स्तर पर इन कैंपों में सात हजार से ज्यादा आमलोगों, उपभोक्ताओं की सहभागिता हो चुकी हैं। बिजली अधिकारी इन कैंपों में आने वालों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में मिलने वाली अधिकतम 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी, बिजली बिल में अगले ही माह से कमी, पर्यावरण हितैषी ऊर्जा उत्पादन में आमजन की सक्रिय सहभागिता इत्यादि विषयों पर उपयोगी जानकारी दे रहे हैं। कैंपों का आयोजन 17 अक्टूबर तक प्रस्तावित है।

## स्मार्टमीटरीकृत लाखों उपभोक्ताओं को छूट

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मालवा निमाड़ में अब तक साढ़े सोलह लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। फीडरों, ट्रांसफार्मरों पर भी ऊर्जा अंकेक्षण कार्य के लिए स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं। घरों, दुकानों, उद्योग, माल्स इत्यादि स्थानों पर लगाए गए स्मार्ट मीटर दिन में खपत पर टाईम ऑफ द डे यानि टीओडी छूट दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सुबह 9 से शाम 5 बजे सौर ऊर्जा अवधि में विद्युत खपत करने पर यह छूट विधिवत रूप से ऊर्जा प्रभार में बीस प्रतिशत रियायत रूप में प्रदान की जा रही है। इंदौर शहर के 6.14 लाख उपभोक्ताओं को बीते माह करीब नौ करोड़ रुपए की रियायत दी गई।

# इंदौर की स्वच्छता के नाम पर राजनीति और वोट चमकाने वाले गायब

**शहर की सफाई ठप, सड़कों पर कचरा; जिम्मेदारों में रार, तीन दिन से कई इलाकों में नहीं पहुंचीं कचरा गाड़ियां**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देश के सबसे स्वच्छ शहर की पहचान इस समय गंभीर संकट से गुजर रही है। जिस इंदौर की स्वच्छता को लेकर पिछले नौ वर्षों से राजनीति होती रही, स्वच्छता के नाम पर वोट और सुर्खियां बटोरी जाती रहीं, उसी शहर में सफाई व्यवस्था ठप होने के बाद जिम्मेदारों की सक्रियता नजर नहीं आ रही। बात-बात पर स्वच्छता अवार्ड का श्रेय लेने वाले जनप्रतिनिधि और नेता इस संकट के समय खामोश हैं। दिल्ली में होने वाले स्वच्छता पुरस्कारों को लेने की होड़ में आगे रहने वाले अब शहर की सड़कों पर फैले कचरे के सवाल पर पीछे दिखाई दे रहे हैं।

### फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट में फेंका जा रहा कचरा

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। लगातार तीसरे दिन कई क्षेत्रों में कचरा गाड़ियां नहीं पहुंचीं। घरों में दो दिन से जमा कचरा अब सड़कों और खाली जगहों पर पहुंचने लगा है। ग्रीन बेल्ट और फुटपाथ पर भी कचरा दिखाई देने लगा है। कई लोगों को अब तक यह जानकारी तक नहीं है कि नगर निगम में हड़ताल चल रही है। वे कचरा गाड़ी नहीं आने को वाहन खराब होने या ड्राइवर के छुट्टी पर होने से जोड़ रहे हैं।

### अफसरों के दावे जमीन पर फेल

नगर निगम अधिकारियों ने हड़ताल की आशंका को देखते हुए आउटसोर्स और एनजीओ कर्मचारियों से सफाई कराने की बात कही थी, लेकिन शहर के कई हिस्सों में यह वैकल्पिक व्यवस्था नजर नहीं आई। न कचरा गाड़ियां पहुंचीं और न सड़कों पर नियमित झाड़ू लगी। इससे साफ है कि निगम की वैकल्पिक व्यवस्था फिलहाल कर्मचारियों की कमी की भरपाई नहीं कर पा रही है। दो दिन तक लोगों ने कचरा घरों में ही जमा रखा, लेकिन अब तीसरे दिन स्थिति बदलने लगी है। कई जगह लोग मजबूरी में आसपास कचरा डाल रहे हैं। यदि हड़ताल जल्द खत्म नहीं हुई तो इसका सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई देगा।

### जिम्मेदारों में समन्वय का अभाव

सफाई व्यवस्था को लेकर निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच भी समन्वय नजर नहीं आ रहा। प्रदेशभर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद समाधान के लिए कोई बड़ी पहल सामने नहीं आई है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मामले में हस्तक्षेप नहीं किया, जबकि पूरे मध्य प्रदेश में हड़ताल का आह्वान किया है, जिससे प्रदेश के बड़े शहर भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में भी धीरे-धीरे सफाई व्यवस्था बेपटरी हो रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस मामले में नगर निगम कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि सभी मांगे नगर निगम अपने स्तर पर पूरी नहीं कर सकता है। कर्मचारियों के कई निर्णय शासन स्तर से लिए जाने हैं, जिसको लेकर हम लगातार अनुशंसा और प्रस्ताव भेज रहे हैं नियमितीकरण को लेकर भी प्रस्ताव भेजा गया है। सभी कर्मचारी अपने-अपने काम पर लौटे शहर की सफाई से खिलवाड़ नहीं किया जाए यही इंदौर की पहचान है। वहीं दूसरी ओर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं अधिकारियों के बीच में इस समस्या के निराकरण को लेकर समन्वय कम दिखाई दे रहा है। इंदौर के वाल्मीकि समाज और पंचायतों से कोई चर्चा नहीं की गई है।

### स्वच्छता का गुरु है इंदौर

नौ साल से स्वच्छता की उपलब्धियों का चेहरा बने इंदौर के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि संकट के समय शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? यदि हड़ताल लंबी खिंची तो वह तस्वीर सामने आ सकती है, जिसे इंदौर ने पिछले वर्षों में देखा तक नहीं है, 2015 के पहले इंदौर में बड़ी मात्रा में कचरा पेटियां और उसके आसपास सूअर और आवारा पशु गंदगी के ढेर पर झुंड बने रहते थे।

### प्रदेश स्तरीय हड़ताल से राष्ट्रीय स्तर पर इंदौर की छवि धूमिल

कर्मचारियों की हड़ताल भले ही प्रदेश स्तरीय हो लेकिन बदनामी इंदौर की हड़ताल के कारण राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। इंदौर शहर अपने आप को स्वच्छता का गुरु कहता है और स्वच्छता का पाठ पढ़ने वाला शहर ही कचरे से पटा हुआ नजर आए तो फिर यह तस्वीर इंदौर के गर्व और अभियान को खत्म करने से नहीं चूकेगी और इसका फायदा देश के अन्य शहर जो इंदौर को पीछे करने में लगे हैं वह उठाएंगे।



# यतिराज भक्त मंडल युवा शक्ति ने किया आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यतिराज भक्त मंडल युवा शक्ति ने ब्रह्मलीन स्वामी बालकृष्ण यतिजी महाराज व पूर्वजों की स्मृति में श्राद्ध पक्ष में गौ सेवा का संकल्प, अन्नकूट-56 भोग के साथ महाआरती का आयोजन श्रद्धालुओं की मौजूदगी में अहिल्या माता गौशाला में किया। गौपूजन के साथ अन्नकूट महाप्रसाद और 56 भोग के दर्शन किए। मुकेश कचोलिया, श्वेता मित्तल, रचना अग्रवाल, अमृता गर्ग, मीनल अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, सोम्या मित्तल, शिखा गुप्ता एवं निमिषा मित्तल, पंकज मित्तल, धीरेन पटेल, पंकज अग्रवाल, आकाश गुप्ता, कपिल गर्ग, अखिलेश गोयल, लव अग्रवाल, मधुर मित्तल, विनोद मित्तल, दीपक गोयल, अजय अग्रवाल, अमित गुप्ता, केवल आनंद, अंकुर मित्तल एवं विनोद अग्रवाल, सुरेश मित्तल, राम अग्रवाल, संतोष मित्तल, कैलाश मित्तल मौजूद रहे।

# अग्रोहा से आई ध्वजा का किया अग्र बंधुओं ने पूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन की पालकी एक ध्वजा यात्रा का आयोजन कल सुबह 8 अक्टूबर को किया जाना है। इस यात्रा का घर-घर स्वागत, पूजन होगा जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। अग्रोहा से अभिमंत्रित कर बुलवाई गई ध्वजा का पूजन वरुण विक्ट्री परिसर में किया। अरविन्द बागडी, मनीष अग्रवा मन्नू, ज्योति अग्रवाल, शशि ऐरन, विकास मित्तल विक्की, दिलीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सतीश गोयल, दिलीप नरेडी, संजय अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, खेमचंद अग्रवाल, मुकेश मंगल, नारायण ऐरन, हरिकिशन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, भूपेश गोयल, आशीष मित्तल मौजूद थे।



# मन से माधव तक एक पहल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्रमंच द्वारा अग्रसेन जंयती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मन से माधव तक एक पहल का आयोजन किया गया।दीपिका आशीष गोयल, जीतू गोयल, डिंपल अग्रवाल, पूजा राठौर, प्रनील नैयर, पल्लवी हाडा, साक्षी सुंदरानी, हनी चौधरी, तान्या सुंदरानी, संदीप राठौर, सारिका वाधवानी ने अपनी भूमिका निभाई।

# आज शाम अग्रसेन माधवी पालकी यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज पश्चिम क्षेत्र द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में 30 कॉलोनियों के अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में आज शाम 5 बजे से बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम से रामचंद्र नगर होते हुए पंचकुइया स्थित शम्भू सत्संग हॉल तक अग्रसेन माधवी पालकी यात्रा निकाली जाएगी। किशोर गोयल, जगदीश गोयल, संजय अग्रवाल गोल्ड कॉइन, राजेश बंसल ने बताया कि आज शाम यात्रा में गरबा और भजन मंडलियां, झांकी भी रहेगी। जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत होगा, आतिशबाजी भी की जाएगी।

# अग्रवाल वैश्य कपल संघ ने किया माल्यार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल वैश्य कपल संघ द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण में रामबाबू अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, सीए भरत नीमा, अभिभाषक कमल गुप्ता, उमा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, संगीता गुप्ता, शारदा खंडेलवाल, साधना माहेश्वरी सहित अन्य मौजूद थे।

# तीन दिन में मिलने वाली नकल पन्द्रह दिन में मिल रही है

## उठी सुधार की मांग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

'पूर्व-अध्यक्ष' इन्दौर अभिभाषक संघ के गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायालय इन्दौर के नकल-विभाग और कुटुम्ब न्यायालय इन्दौर के नकल-विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण पक्षकारों और वकीलों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नकल प्राप्त करने के लिए निर्धारित-फीस जमा करवाकर नकल-आवेदन प्रस्तुत करने के बाद भी निर्धारित समय-अवधि में पक्षकारों और वकीलों को नकल प्राप्त नही हो पा रही है। इस मामले में अभिभाषक गोपाल कचोलिया ने प्रधान, जिला व सत्र न्यायाधीश महोदय इन्दौर को पत्र प्रेषित कर उनका ध्यान नकल-विभाग की समस्याओं की ओर आकर्षित कर उनसे अनुरोध किया है कि प्रधान, जिला व सत्र न्यायालय, इन्दौर के नकल-विभाग और कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर के नकल-विभाग में कर्मचारीयों की नियुक्ति करवाकर नकल-विभाग की व्यवस्था में आवश्यक सुधार करवाने के लिए उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

# हनुमानजी के गीत और रॉक बैंड की प्रस्तुति ने मन मोहा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर महानगर अग्रवाल वैश्य संगठन के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में बॉस्केटबॉल काम्पलेक्स में 'सागर के हनुमान' समारोह भक्ति और सुर आयोजन में 'मैने तेरे ही भरोसे हनुमान...' पर एवं रॉक बैंड ने प्रस्तुति दी तो मौजूद अग्रवाल समाजजनों का मन मोह लिया। 'हनुमान अंश' के गायक सुनील लोधी ने मंच संभाला और उनकी आवाज ने भजनों की स्वर लहरिया गुंजाई, तो बॉस्केटबॉल काम्पलेक्स भगवान राम और हनुमानजी की भक्ति में लीन हो गया। लोधी ने जब बहुचर्चित गाना 'मैने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में ही नैया डार दई...' शुरू किया, तो पूरा हॉल ताली बजाने के साथ नृत्य करने लगा और भगवान के जयकारे लगाने लगा। भगवा ध्वज भी लहराए गए। आयुषी देशमुख और उनके रॉक बैंड ने वृंदावन रास गीतों पर जोश भरा। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन और कई राजनेता भी इस दौरान मौजूद रहे। कुछ अधिकारी और न्यायाधीपति भी मौजूद रहे। अमिताभ स्वाति सिंघल ने उक्त जानकारी दी।



# संजा माता का पूजन और गीत के साथ दोहे भी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्राद्ध पक्ष में संजा माता का पूजन रोजाना शाम को किया जा रहा है, आरती भी हो रही है। गीत और दोहे भी गाये जा रहे हैं। विवाह के पूर्व युवतियां और कन्याएं अच्छे वर और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर श्राद्ध पक्ष में संजा माता का पूजन, आरती करती है और युवतियां सामूहिक रूप से गीत भी गाती है और दोहे भी बोलती है। मातृशक्तियां उनका साथ देती है। जिंसी में भी यह पूजन किया जा रहा है। शंकरगंज जिंसी की ऐश्वर्या नाइवाल नामदेव एडवोकेट ने परिवार के साथ मिलकर संजा माता बनाई और रोजाना पूजन किया जा रहा है।

# आचार्य वल्लभ सूरी म.सा. की पुण्यतिथि मनाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन श्वेताम्बर श्री संघ रतनबाग द्वारा पंजाब केसरी आचार्य श्री वल्लभ सुरीजी म.सा. की पुण्यतिथि पुष्पेन्द्र विजयजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा एवं जैन समाजजनों की मौजूदगी में मनाई।



# माँ अन्नपूर्णा चुनरी अर्पण के लिए बैठक

## भाजपा और सिंधी समाज से जुड़े फतेहचंदानी कर रहे हैं तैयारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता और सिंधी समाज से जुड़े पंकज फतेहचंदानी नवरात्रि में माँ शक्ति की आराधना में चुनरी यात्रा का आयोजन 15 अक्टूबर गुरुवार दोपहर 3 बजे माँ शारदा मंदिर सिंधी कालोनी से करने जा रहे हैं। माँ की आराधना में बड़ी तादाद में सिंधी समाजजन से लेकर अन्य माता भक्त जुड़े इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है, 2 हजार मातृशक्तियों को जोड़ने का लक्ष्य भी रखा गया है, जो कलश लेकर चुनरी यात्रा में शामिल होगी। कल हुई बैठक में बताया कि रास्ते में भी माता भक्तों का स्वागत होगा। भजन मंडलियां झांकियां रहेगी। आयोजन को लेकर पंकज फतेहचंदानी ने बैठक का आयोजन कर जिम्मेदारी भी तय की।

# लायंस की चार्टर्ड नाइट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी की चार्टर्ड नाइट समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। आशमा मल्होत्रा, नीतू असाटी, केपी माहेश्वरी, रिंकी जयसिंघानी असाटी, कृष्ण प्रभा दिनेश रणधर, कंचन गुप्ता, अशोक गुप्ता, डॉ. जय परियानी, सुनील बापट ने अपनी भूमिका निभाई। अतिथि का स्वागत दिनेश रणधर ने किया। अशोक गुप्ता, राजेश पाल, राजेन्द्र शुक्ला, सुनीता शुक्ला, राजकुमार



# सियाराम बाबा के मंदिर में तर्पण कार्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जय सियाराम बाबा मंदिर में तर्पण कार्य पंडित रामभजन कटारे शास्त्री के सानिध्य में रोजाना श्राद्ध पक्ष में सुबह किया जा रहा है। करीब 60 भक्त रोजाना इस तर्पण आयोजन में शिरकत कर रहे हैं। वीरेन्द्र गुप्ता, अजय कुसुमाकर, दीपक कुसुमाकर, आनंद कुसुमाकर आयोजन से जुड़े हैं।



# सिंधी कालोनी में वर्सी उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



संत बाबा हरनाम सिंघ साहिब का वार्षिक वर्सी उत्सव बी.के. सिंधी कॉलोनी में तीन दिनों तक श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मनाया गया। भजन संध्या में दीपक जादवानी ने प्रस्तुति दी। एक दिन खाटू श्याम संकीर्तन में कुणाल त्रिवेदी ने प्रस्तुति दी। अंतिम दिन अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद भोग साहिब का आयोजन भी हुआ, लंगर भी किया गया। अंतिम दिन शाम को श्री सुखमनी साहिब का पाठ एवं शब्द कीर्तन गुरु घर संगत द्वारा किया गया। रात में सत्संग एवं भजन का आयोजन हुआ। संत अनिल उदासी ने आध्यात्मिक संदेश भी दिया। अरदास एवं प्रसाद वितरण किया गया। उक्त जानकारी भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा इंदौर के महामंत्री योगेश वाधवानी ने दी।



## पुलिस का सुरक्षा के लिए हेलमेट अभियान जारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट का 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें' जनजागरूकता अभियान निरंतर जारी है। इस अभियान में हेलमेट वितरित किए जा रहे है। कल भी 36 हेलमेट प्रदान किए और 4500 से अधिक हेलमेट आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में अभी तक दिए है। पलासिया चौराहा पर अधिकारी संतोष कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, राजेश त्रिपाठी सहित अन्य की मौजूदगी में यह अभियान चलाया।

# सहकारी समर्थ मण्डल सम्मानित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सहकार भारती महानगर द्वारा 38 सहकारी साख संस्थाओं का सम्मान किया गया। संस्था सहकारी समर्थ मण्डल को भी सम्मानित किया गया। छोटू शुक्ला, गजेन्द्र गौतम, अभिनव शुक्ला, अनिल देशमुख, विष्णु देशमुख, किर्तीश धामारीकर, संतोष शिम्पी, अलका होल्कर, संजय कोल्पे सहित अन्य मौजूद थे।





# कॉलेज में हिन्दी माह का समापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माता जीजा बाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में हिंदी माह का समापन किया गया। इस दौरान कई रचनात्मक कार्यक्रम हुए जिसमें अध्यापकों और विद्यार्थियों ने शिरकत की। अशोक सचदेवा, राजीव शर्मा, डॉ. प्रतिभा सोलंकी, प्रो डॉ चक्रधर, डॉ शबनम खान, डॉ अरुणा कुसुमाकर, डॉ वारिश जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद ने की समूह गान स्पर्धा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारत विकास परिषद् अहिल्या नगरी शाखा इंदौर के बैनर तले स्कूल में राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा का आयोजन किया गया। विजेता स्कूल को पुरस्कृत भी किया गया। सात स्कूलों के दलों ने देशभक्ति की प्रस्तुतियां दी। माधव तिवारी, अर्चना माधव तिवारी और डॉ. रोहित चावरे निर्णायक मंडल में थे।पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य, राजेश हिंगोरानी, विजय नामदेव, सुनील लवंगकर, कमल प्रेमचंदानी मौजूद थे।



## जैन मुनि साध्य सागर म.सा. का दीक्षा दिवस मनाया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन संत मुनि साध्य सागर म.सा. का दीक्षा दिवस बीस पंथी मन्दिर की चातुर्मास कमेटी ने मोदीजी की नसिया में समाजजनों की मौजूदगी में मनाया। आचार्य विप्रनत सागर म.सा. का सान्निध्य मिला। श्रीफल भेंटकर अर्ध्य समर्पित किए गए। मनमोहन झांझरी, जयदीप जैन, मनोज काला, एमके जैन, डीके जैन, राजीव जैन, संजय पाटोदी, सुशील गोधा, सुरेश सेठी, वैभव कासलीवाल, अंशु पाटनी, नीलम, अर्पित जैन, प्रतीपाल टोंग्या, राजेन्द्र सोनी, सुशील पण्डया, कमल सेठी, श्रीपाल टोंग्या, धनपाल टोंग्या, विजयपाल टोंग्या, कैलाश वेद, राजेश पाण्डया सहित अन्य मौजूद थे।

# शिक्षक सम्मान एवं पत्रिका विमोचन समारोह



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुष्पित तूलिका' सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में विश्वविद्यालय दरबार हाल में शिक्षक सम्मान एवं पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मणिमाला शर्मा, डॉ. राजीव शर्मा, नमिता दुबे, हरीश बोयत, सुरेखा सिसौदिया, रीना वाकडे, डॉ. राम गुलाम राजदान, डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. दामोदर जैन, डॉ अर्पण जैन, उदयन प्रकाश दुबे प्रवीण यादव, रमेश कुशवाह, महेन्द्र श्रेवास्तव, ईरा दुबे, प्रतिमा दुबे, तरजीत कौर ईशर, स्वाति घोड़गांवकर, शीला बड़ोदिया की मौजूदगी में डॉ. सुमंत कटियाल, डॉ. अशेष तिवारी, सैनिक संजय सांवरे, छोटेलाल भारती, राजश्री कुलकर्णी, भावना खोड़े, उषा कोरान्ने का सम्मान किया गया।



# जगन्नाथ वृद्धा आश्रम में सेवा कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व जागृति मिशन मंडल द्वारा गंगवाल बस स्टैंड के पास स्थित जगन्नाथ वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों के बीच पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान किया और सेवा कार्य के अन्तर्गत वस्त्र एवं फल भेंट कर श्रद्धानिधि भी सौपी। भजन-कीर्तन के आयोजन भी हुए। स्वीटी अनिल शर्मा, सत्यनारायण सत्तन, हरेराम वाजपेयी, आशा लता डाबर, कृष्णमुरारी शर्मा, अनिल शर्मा, विजयराव भोसले, राजेश पाराशर, सत्यनारायण मारू, अजय कानूनगो, नवीन भुसरी, प्रदीप आचार्य, गजेंद्र भावसार, दिवेश अग्रवाल, प्रवीण अग्निहोत्री मौजूद थे।

# राष्ट्रीय और प्रादेशिक माहेश्वरी पदाधिकारियों का सम्मान




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री माहेश्वरी समाज, इंदौर जिलाध्यक्ष ईश्वर बाहेती और मंत्री संजय मानधन्या, प्रचार मंत्री चेतन बियाणी ने बताया कि संयोगितागंज भवन में कार्यकारी मंडल की बैठक आयोजित की गई। साथ ही माहेश्वरी महासभा में निर्वाचित भरत तोतला, अ.भा. महिला संगठन में नम्रता बियाणी और प्रदेश सभा में अजय झंवर के अध्यक्ष चयन पर उनका सम्मान आयोजित किया गया। समाज के ट्रस्टों के पदाधिकारी और क्षेत्रीय संगठन के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के बाद भोज का आयोजन भी किया गया।

# रतलाम-उदयपुर को इंदौर से चलाने की उठ रही मांग

## वीरभूमि में मावली -उदयपुर जाने वालों को मिल रही हमेशा वेटिंग, कंफर्म सीट के लिए 100 से 130 रु. करना पड़ रहे ज्यादा खर्च

**इंदौर।** रतलाम से उदयपुर के बीच रेगुलर चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम उदयपुर सिटी एक्सप्रेस को इंदौर से चलाने को लेकर इंदोरियों की लगातार मांग उठ रही है। इंदौर से उदयपुर जाने वालों के लिए अभी वर्तमान में इंदौर से रोजाना एक ट्रेन वीर भूमि एक्सप्रेस चल रही है। इसमें हालत यह है कि हमेशा वेटिंग रहती है। यही नहीं कंफर्म सीट के लिए 100 से लेकर 130 रु. तक एक्स्ट्रा खर्च करना पड़ रहें है। जिसको लेकर पालीवाल ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, गुर्जर समाज, माहेश्वरी समाज, सिंधी समाज से जुड़े यात्रियों में जमकर नाराजगी है। इनका कहना है कि ट्रेन को जबसे इंदौर उदयपुर की जगह गुजरात के आसावरा तक किया है तब से वीर भूमि ट्रेन में हमेशा वेटिंग रहने लगी है। जिसके कारण हमको कंफर्म सीट नहीं मिल रही है। पालीवाल समाज से जुड़े किशनलाल जोशी (साकरोदा), प्यारेलाल जोशी (रिछेड़) का कहना है कि रतलाम से उदयपुर के बीच रोजाना शाम 5:10 बजे के आसपास चलने वाली ट्रेन को इंदौर से चलाया जाए ताकि यहां के हजारों यात्रियों को विकल्प के रूप में रात्रि में एक और ट्रेन मिल जाएगी। अभी वीर भूमि एक्सप्रेस इंदौर से रोजाना शाम 6:20 पर चलती है। रतलाम उदयपुर वाली ट्रेन



नंबर 19327 इंदौर से 8:00 बजे बाद कभी भी चलेगी तो सुबह मावली-उदयपुर पहुंचेगी।

जबकि अभी वीर भूमि मेवाड़ एक्सप्रेस ट्रेन इंदौर से शाम 6:20 पर चलकर आधी रात को 3:15 बजे मावली जंक्शन, 4:00 बजे उदयपुर पहुंचती है। ऐसे में यात्रियों का आधी रात को आगे अपने गांव जाने के लिए गंतव्य स्थान की यात्रा के लिए सुबह तक कोई साधन नहीं मिलते। इंदौर पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी के अध्यक्ष राकेश जोशी, सचिव ललित पुरोहित बताते है जिसके कारण लोगों को मजबूरी में या तो दो से तीन हजार में टैक्सी कर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचना पड़ता है या फिर मजबूरी में परिवार के साथ आधी रात को रेलवे स्टेशन पर रात बिताना पड़ती है। क्योंकि आधी रात को न यहां से श्रीनाथद्वारा, कांकरोली चारभुजा दर्शन के लिए जाने के लिए कोई साधन नहीं मिलता। जिसके कारण लोगों को ठंड, गर्मी और बारिश में आधी रात को स्टेशन पर अपने परिवार के साथ रात बिताना पड़ती है। अगर रतलाम उदयपुर ट्रेन रात में चले तो सुबह 5:00 या 6:00 बजे के आसपास मावली और उदयपुर पहुंचेगी। जिससे सुबह पहुंचने से यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए बस सहित अन्य साधन भी मिल जाएंगे। इससे ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं होगा और लोगों का समय भी बचेगा।

गौरतलब है कि मीटर गेज लाइन के समय इंदौर से राजस्थान की कनेक्टिविटी के लिए करीब आधा दर्जन ट्रेनें चलती थी। लेकिन बड़ी लाइन होने के बाद से एकमात्र वीर भूमि एक्सप्रेस ट्रेन चलती है। इसीलिए इंदौर के यात्रियों की मांग है कि रतलाम उदयपुर ट्रेन को इंदौर से चलाया जाए जिससे वह अपनी फुल क्षमता के साथ चलेगी। जबकि अभी रतलाम उदयपुर ट्रेन देर रात उदयपुर पहुंचती है और आधी रात 1:30 बजे उदयपुर से 2:20 बजे मावली से चलती है। सुबह आठ बजे वापसी में रतलाम पहुंचती है जो कि हमेशा खाली चल रही है। इंदौर से चलने पर पर्याप्त सवारी भी मिलेगी और लोगों की यह ट्रेन काम भी आएगी।

# मूसाखेड़ी में राठायन माता मंदिर पर टाइल्स लगाकर सौंदर्यकरण कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मूसाखेड़ी गुलाबबाग कॉलोनी में पालीवाल ब्राह्मण समाज की अधिष्ठात्री कुलदेवी श्री राठायण माताजी के मंदिर पर नवरात्रि की तैयारी नजर आ रही है। सालों बाद माता मंदिर में बाहर से लेकर भीतर तक सौंदर्यकरण और संवारने का काम तेजी के साथ चल रहा है। माता मंदिर के गर्भ गृह से लेकर बाहर तक नई आकर्षक डिजाइन वाली टाइल्स लगाकर मंदिर को चमकाने का काम किया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी भोपाजी रामकिशन जोशी ने बताया हनुमान जी का नवीन मंदिर निर्माण के साथ माताजी के मंदिर के गर्भ गृह में टाइल्स बदलने के साथ रंगाई - पुताई कर मंदिर में अन्य कई सौंदर्यकरण के कार्य किए जा रहे है।

### भक्तों को सुलभ और व्यवस्थित दर्शन कराने की प्लानिंग

*11 अक्टूबर से शुरू होने वाली नौ दिवसीय नवरात्रि में आने वाले माता भक्तों को सुलभ और व्यवस्थित दर्शन हो इसको लेकर इन दिनों मंदिर में नवीनीकरण और सौन्दर्यकरण के कार्य किए जा रहें है। गौरतलब है कि पालीवाल ब्राह्मण समाज की अधिष्ठात्री श्री राठायण माता मंदिर पर इंदौर शहर के साथ राजस्थान, मुंबई, गुजरात और अन्य शहरों से भी माताजी के दर्शनों के लिए भक्तों का लगातार नौ दिनों तक तांता माता के दरबार में लगा रहता है। इस दौरान सभी को मंदिर में सुलभ दर्शन और व्यवस्थित बैठक व्यवस्था मिलें इसको लेकर इन दिनों मंदिर में नवरात्रि की तैयारी को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है।*

# त्योहारों से पहले महंगे हुए सभी तरह के स्मार्ट फोन

**इंदौर।** नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख बड़े त्योहारों से पहले सभी मोबाइल्स कंपनियों ने अपने प्राइस बढ़ा दिए है। जिससे त्योहारों के समय नया मोबाईल फोन खरीदने वाले लोगों को बड़ा झटका लगा है। त्योहारों से ठीक पहले श्राद्ध पक्ष में मोबाइल्स फोन के दाम बढ़ने से ग्राहकों को जबरदस्त झटका लगा है। बड़ी बात यह है कि त्योहारों के समय कई लोग नवरात्रि और दशहरे और आने वाले दिनों में सबसे बड़े त्योहार दीपावली पर अपना फोन बदलकर नया मोबाइल लेने का प्लान बना रहे थे। उन सबके सामने अब बजट बढ़ाने का संकट खड़ा हो गया है। 25 हजार तक का स्मार्ट फोन 30 हजार से ज्यादा कीमत पर पहुंच गया है। वहीं वीवो, ओपो, रेडमी, रियलमी, सेमसंग एलजी जैसे बड़े ब्रांड के मोबाइल फोन भी दाम बढ़ाने के बाद 5 से लेकर 8000 तक महंगे हो गए।



खास बात यह है कि कंपनियों द्वारा मोबाइल के प्राइस बढ़ाने के बाद ऑनलाइन के जमाने में मोबाइल के दाम बढ़ने से ग्राहकी में कमी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में बाजार में सभी मोबाइल दुकानदारों द्वारा अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऑफर और गिफ्ट की झड़ी लगा दी है। हर एरिया के दुकानदार अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए हर महंगे मोबाइल के साथ कई तरह के गिफ्ट ऑफर का प्रलोभन देकर ग्राहकों को मोबाइल फोन खरीदने के लिए आकर्षित कर रहें है। त्यौहारों से पहले ज्यादातर दुकानदारों ने 30 हजार से ऊपर के मोबाइल फोन खरीदी पर कई तरह के ऑफर और डिस्काउंट के साथ रिटर्न गिफ्ट देने की स्कीम चला रखी है। यही नहीं नवरात्रि और दिवाली के लिए भी कई तरीके स्कीम और नए आकर्षक ऑफर देने की प्लानिंग कर तैयारी चल रही है। भले ही दुकानदार ग्राहकों का आकर्षित करने के लिए कई ऑफर और स्कीम की झड़ी लगा रहे हो लेकिन हकीकत क्या है कि अभी वर्तमान में सभी मोबाइल कंपनियों ने तीन से लेकर 5000 और कई बड़े मोबाइल्स पर 8000 तक दाम बढ़ा दिए है जिसका असर आम आदमी पर सीधे पड़ रहा है।

# सिग्नल जंप कर नियम तोड़ना अब पड़ेगा भारी

**इंदौर।** नवलखा पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक वाले चौराहे पर जाम से राहत के लिए कैमरे लगने और सिग्नल में सुधार से अब राहत मिलने की उम्मीद है। दरसअल चौराहे पर लंबे समय से बंद सीसीटीवी कैमरे सुधारकर दोबारा चालू करने और कुछ जगह नए कैमरे लगाने से चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवानों को भी अब थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बताते है यहां लंबे समय से बन्द कैमरों को बदलकर नए लगाए है। जिसके कारण अब तक ट्रैफिक नियमों का पालन ठीक से नहीं हो पा रहा था। यही नहीं नियम तोड़ने वालों के चालान भी नहीं कट पा रहे थे। उस व्यवस्था में सुधार लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की शिकायत पर निगम यातायात विभाग द्वारा सुधार कार्य शुरू कर नवलखा चौराहे पर लगे सीसीटीवी सुधारने और खराब की जगह नए बदलने के अलावा ट्रैफिक सिग्नल की गड़बड़ और टाइमिंग को भी सुधारने की कवायद की जा रही है ताकि लोगों को राहत मिले।

गौरतलब है कि पांच रास्तों वाले बड़े चौराहे में शुमार नौलखा चौराहे पर आए दिन शाम के समय सबसे ज्यादा बड़ा जाम लगता है। लगातार ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पकड़ कर चालानी कार्रवाई करने के लिए पुलिस जवानों की शिकायत पर निगम के ट्रैफिक विभाग द्वारा क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे को सुधारकर और खराब कैमरों की जगह नए कैमरे लगाकर व्यवस्था में सुधार लाने का काम किया जा रहा है। नवलखा चौराहे पर लंबे समय से कुछ कैमरे बंद होने का फायदा उठाकर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर सिग्नल पर जंप मारने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं रहेगी। लंबे समय से बंद और खराब कैमरे सुधारकर अब ट्रैफिक पुलिस चालानी कार्रवाई आसानी से कर सकेगी। साथ ही चौराहा के पूरे ट्रैफिक पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहले जैसी पूरी निगरानी भी रख सकेगी। साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालानी कार्रवाई भी कर सकेगी, जिसको लेकर यहां तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है।



# खजराना गणेश मंदिर में सुविधा केंद्र निर्माण की बारी

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर पर पिछले दिनों गणेश चतुर्थी के समय यात्रियों की सुविधा के लिए प्रसाद दुकानों को गर्मी बारिश और धूप से बचाने के लिए दुकानों के सामने भव्य वाटरप्रूफ शेड निर्माण के बाद अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसमें गणेश भक्तों और यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधा मिलेगी। खास बात यह है कि खजराना गणेश मंदिर में पार्किंग के पास खाली पड़ी जगह पर मंदिर प्रबंधन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर भव्य आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस सुविधा केंद्र में बच्चों के मनोरंजन से लेकर सीनियर सिटीजन बुजुर्ग और युवाओं तक को धार्मिक सामाजिक पुस्तक पढ़ने के लिए आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात भी मिलेगी। जय सुविधा केंद्र में एक और बच्चे अपना मनोरंजन किड्स प्ले जोन में कर सकेंगे वहीं अन्य भक्त बाहर से आने वाले यात्री, युवा, सीनियर सिटिजन , महिलाएं और बुजुर्ग सामाजिक धार्मिक ग्रंथ किताबें पुस्तकें पढ़कर लाइब्रेरी में अपना टाइम पास और मनोरंजन कर सकेंगे। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। बताया जा रहा है की दिवाली से पहले इस भव्य आधुनिक सुविधा केंद्र का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी चित्तौड़ा गौशाला के लिए बनाएगा करोड़ों की नई सड़क

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत चित्तौड़ा ग्राम की गौशाला जाने वाले मुख्य मार्ग के करीब 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है।

**सड़क के साथ सेंटल लाइटिंग ओर डिवाइडर का भी होगा निर्माण-** बड़ी बात यह है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य पर पीडब्ल्यूडी द्वारा साढे तीन करोड रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। साथ ही सड़क निर्माण के साथ सेंट्रल लाइटिंग और बिजली के पोल लगाने और डिवाइडर बनाकर उस पर लाइटिंग लगाने का कार्य भी किया जाएगा। यही नहीं ऊपर सड़क निर्माण का कार्य निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि दीपावली से पहले निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा ताकि लोगों की राह आसान होगी। गौरतलब है कि अब तक आधी अधूरी सड़क के कारण लोगों को यहां से निकलने में भारी परेशानी होती है। वहीं अब नई सड़क का काम शुरू होने से वाहन चालकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

## संपादकीय

# शिक्षकों की कमी से कैसे सुधरेगी शिक्षा की गुणवत्ता? यूनेस्को की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

यूनेस्को की ओर से 5 अक्टूबर 2026 को जारी की गई रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि शिक्षण का पेशा जलवायु परिवर्तन, विस्थापन और शिक्षकों के अभाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उनके वर्तमान को संवारने का जिम्मा शिक्षकों के हाथ में होता है। शिक्षक का दायित्व विद्यार्थियों को पढ़ाना, उनकी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान करना और व्यक्तित्व का निर्माण करना है। ऐसे में शासन की भी जिम्मेदारी बनती है कि शिक्षा व्यवस्था में समय की मांग के अनुरूप नियमित तौर पर सुधार किए जाएं और शिक्षक-शिक्षार्थी के लिए विद्यालयों में हर तरह से अनुकूल वातावरण बनाया जाए। मगर मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि राष्ट्र निर्माण को गति देने वाला शिक्षा का क्षेत्र शासन की नजर-ए-इनायत के लिए क्यों तरस रहा है? यूनेस्को की ओर से बीते सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि शिक्षण का पेशा जलवायु परिवर्तन, विस्थापन और शिक्षकों के अभाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में वर्ष 2030 तक सभी बच्चों की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को पांच करोड़ अतिरिक्त शिक्षकों की जरूरत है। इसमें दोराय नहीं कि शिक्षकों की लगातार कमी तथा मौजूदा शिक्षकों को अतिरिक्त कार्य सौंपे जाने से उनकी मुश्किलें और उनसे अपेक्षाएं दोनों बढ़ती जा रही हैं। भारत की बात की जाए, तो यहां सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को समय-समय पर कई गैर-शैक्षणिक कार्य भी सौंप दिए जाते हैं। इसका असर न केवल शिक्षकों के कामकाज पर, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। आपदा या विशेष परिस्थितियों में ऐसी जिम्मेदारियां आवश्यक हो सकती हैं, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब इन कार्यों की अधिकता शिक्षण के काम को प्रभावित करने लगे। वर्ष 2024-25 के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में एक लाख से ज्यादा स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक तैनात है। ऐसे में अगर उन्हें गैर-शिक्षण कार्य भी थमा दिया जाए, तो शिक्षा की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षक को पर्याप्त समय और संसाधन मुहैया कराना जरूरी है। जब शिक्षक का अधिकतम समय विद्यार्थियों को मिलेगा, तभी विद्यालयों में सीखने का वातावरण बेहतर बनेगा और शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य को हासिल कर सकेगी।

# गोदाम से तांबे-पीतल के बर्तन चुराने वाली गैंग धराई, कबाड़ी समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

### महंगे शौक पूरे करने के लिए करते थे वारदातें, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

**इंदौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र के तकीपुरा में एक गोदाम को निशाना बनाकर कीमती बर्तन चुराने वाले शातिर बदमाशों को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। महंगे शौक और ऐशो-आराम की जिंदगी जीने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो चोरों सहित चोरी का सामान खरीदने वाले एक कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए तांबे और पीतल के भारी बर्तन बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 55 हजार रुपये आंकी गई है।



पुलिस के अनुसार, गत 2 अक्टूबर को तकीपुरा स्थित एक गोदाम से तांबे व पीतल के कीमती बर्तन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए देपालपुर पुलिस ने तत्काल जांच टीम गठित की और घटनास्थल व आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने 6 अक्टूबर को दबिश देकर आरोपी समीर उर्फ गोलू और सन्नी को हिरासत में लिया। सख्त पूछताछ में आरोपियों ने गोदाम से बर्तन चुराने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए बर्तनों में से तांबे की बड़ी थाली उनके पास थी, जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये है। वहीं, चोरी का बाकी सामान उन्होंने कबाड़ी इम्तियाज उर्फ मौलाना को बेच दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कबाड़ी इम्तियाज को भी गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 25 हजार रुपये मूल्य की पीतल की थाली बरामद की। पुलिस तीनों आरोपियों से क्षेत्र में हुई अन्य संभावित चोरियों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# किराना दुकान के ताले चटकाकर घुसे चोर

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के अजनोद रोड पर स्थित एक किराना दुकान में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये मूल्य के सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। शातिर चोर दुकान का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए और सिगरेट-बीड़ी के कीमती कार्टन सहित गल्ले में रखी नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। व्यापारी की शिकायत पर सांवेर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, केशरीपुरा निवासी फरियादी विशाल पिता तेजकरण रैना ने थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि अजनोद रोड पर उनकी विशाल ट्रेडर्स नाम से किराना दुकान संचालित होती है। देर रात अज्ञात बदमाशों ने दुकान को निशाना बनाते हुए मुख्य गेट का ताला तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर गए। दुकान में घुसे चोरों ने वहां रखे बीड़ी और सिगरेट के कई कार्टन समेट लिए, साथ ही गल्ले में रखे 7 हजार रुपये नकद भी बटोर लिए। व्यापारी के अनुसार चोर कुल मिलाकर करीब 45 हजार रुपये का सामान और नकदी चुराकर ले गए हैं। सुबह जब दुकान के ताले टूटे मिले, तब वारदात का खुलासा हुआ। सांवेर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों व संदेहियों की मदद से आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम से विवाद में 6 पर प्रकरण

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र के आरई-2 रोड के निर्माण कार्य में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने पहुंची प्रशासनिक और नगर निगम की टीम को स्थानीय लोगों के उग्र विरोध का सामना करना पड़ा। उपद्रवियों ने न केवल एकमत होकर शासकीय कार्य में व्यवधान डाला, बल्कि अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई में जुटी जेसीबी मशीन पर चढ़कर हंगामा शुरू कर दिया। तिलक नगर थाना पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए 6 नामजद आरोपियों सहित 4-5 अन्य उपद्रवियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को पिपलियाहाना काकड़ क्षेत्र में आरई-2 मार्ग के सुगम निर्माण हेतु सड़क सीमा में आ रहे अवैध निर्माणों और झोपड़ियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान क्षेत्र के रहवासी अखिल गुप्ता, राहुल यादव, संतोष मकवाना, कमल वसुनिया, सरिता सोलंकी और सुनील मकवाना सभी निवासी पिपलियाहाना काकड़ अपने 4 से 5 अन्य साथियों के साथ अचानक मौके पर एकत्रित हो गए। आरोपियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि प्रशासनिक टीम कुछ लोगों की झोपड़ियों को छोड़कर केवल चुनिंदा निर्माणों को ही निशाना बना रही है।

# पहले रास्ता रोका और फिर रहवासियों को थप्पड़ से पीटा

## गुंडों के उत्पात के बाद पुलिस ने किए रंगदारी दिखाने वालों पर प्रकरण

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमर पैलेस कॉलोनी में एक ही आरोपी द्वारा इलाके में अपनी दबंगई चमकाने की नीयत से दो अलग-अलग रहवासियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने बिना किसी कारण फरियादी को रोककर खुद को दादा-पहलवान साबित करने की बात कहते हुए हाथ-थप्पड़ों से मारपीट कर दी। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपी अंकित साठे और उसके साथी के खिलाफ दो अलग-अलग आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना में अमर पैलेस निवासी लोकेश पिता कन्हैया निमनपुरे ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वे अपने घर से काम के सिलसिले में निकले थे। जब वे मां विहार स्थित अमृत होटल के पास पहुंचे, तभी उनकी ही कॉलोनी का रहने वाला आरोपी अंकित साठे वहां आ धमका। आरोपी बिना किसी बात के फरियादी को रोककर कहने लगा कि तू कहीं का दादा-पहलवान है क्या और गालियां देने लगा। जब फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उनके साथ थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी और धमकी दी कि आज के बाद यदि नजर आया तो जान से खत्म कर दूंगा। इसी कड़ी में, राजेंद्र नगर पुलिस ने अमर पैलेस कॉलोनी निवासी एक अन्य पीड़ित योगेश पिता सत्यनारायण मनावरे की रिपोर्ट पर भी कानूनी कार्रवाई की है। योगेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी अंकित साठे और उसके साथी नाथू लोधवाल ने उन्हें रोककर बेवजह गाली-गलौज की और विरोध करने पर उनके साथ जमकर मारपीट की। जाते-जाते दोनों आरोपी फरियादी को दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायतों पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 148200 | 149370 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 224300 | 225300 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

**कार्यालय नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**
E-mail Add:cmosawer@mpurbangov.in Tel-07321-220070

क्रमांक-1373 सांवेर दिनांक 06/10/2026

निकाय में दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची-

| क्र. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | हस्तांतरकर्ता का नाम | वार्ड | पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकुमार पिता बाबूलाल | संदेश पिता ओमप्रकाश साबलिया | 15 | दुकान क्र.242 अजनोद रोड सांवेर | शपथ पत्र सहमति पत्र |

उपरोक्त वर्णित भवन/भूमि/दुकान नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। जिन किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस्तहार जारी करने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय प्रमाण अभिलेखों को कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त दर्शाए अनुसार भूमि/भवन/दुकान पर हकों का अंतरण (नामांतरण) कर दिया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, इन्दौर (म.प्र.)**
(E-mail-jscjind@mp.gov.in. cjindore@gmail.com Phone/Fax No.0731-2540020)

क्रमांक 807/निर्वाह/2026 इन्दौर दिनांक-01.10.2026

**"सी.सी.टी.वी. सिस्टम-ए.एम.सी." (वर्ष 2026-27)**

**-अल्पकालिक ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना-**

मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अधीन केन्द्रीय जेल इन्दौर एवं जिला जेल खण्डवा पर स्थापित सी.सी.टी.वी. सिस्टम से संबंधित उपकरणों की खरीद-फरोख्त तथा सुधार कार्य से सम्बंधित, पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो से सी.सी.टी.व्ही. सिस्टम के वार्षिक रखरखाव के अनुबंध हेतु अल्पकालिक ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण (वर्ष 2026-27) आमंत्रित की गई है। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

**वार्षिक ई-निविदा कार्यक्रम का विवरण**

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 15/10/2026 प्रातः 11.00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल इन्दौर |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने एवं निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19/10/2026 सायं 17.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर आनलाइन क्रय किए जा सकेंगे। |
| 3. | आनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 21/10/2026 सायं 17.00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल इन्दौर |

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल इन्दौर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी।उपरोक्त ई-निविदा से सम्बंधित सम्पूर्ण कार्यवाही जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर द्वारा की जावेगी।

जी-19538/26

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल इन्दौर (म.प्र.)

## व्यापारी संगठनों तक यातायात पुलिस ने दिया नियम पालन का संदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूलों, कॉलेजों, व्यापारी संगठनों एवं प्रमुख चौराहों पर व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 300 युवाओं ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारी सुमित बिलोनिया, अरुण परमार ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व को समझाया गया। युवाओं से अपील की गई।



इसी तरह पुलिस के राजू सांवले, हरिद्वार गुर्जर, सुरेन्द्र सिसौदिया, लालसिंह भंडारी ने सुभाष चौक में कपडा व्यापारियों को भी यातायात नियम के लिए जागरूक किया। कस्तूरबा ग्राम कॉलेज की छात्राओं को सड़क सुरक्षा का संदेश ब्रजराज अजनार एवं हरिराम द्वारा दिया गया। चाणक्यपुरी चौराहे पर यातायात निरीक्षक सोनाली मौर्य, उप निरीक्षक पी.एस. नागर एवं यातायात टीम द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, यातायात संकेतों एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में समझाइश दी गई। नियम से चलने वालों का सम्मान भी किया।व्हाइट चर्च चौराहे पर यातायात निरीक्षक नारायण सिंह डामोर द्वारा नियम चालकों को बताए। पलासिया चौराहे पर यातायात निरीक्षक राधा यादव द्वारा माइक से एनाउंसमेंट कर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## 7,500 पाउच नकली तंबाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार, ऑटो भी जब्त

**इंदौर।** सराफा पुलिस ने खजूरी बाजार में घेराबंदी कर ब्रांडेड तंबाकू के नाम पर नकली माल खपाने वाले एक शातिर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में नामी कंपनी कमल किशोर के हू-ब-हू दिखने वाले नकली तंबाकू पाउच और माल परिवहन में इस्तेमाल किया जा रहा ऑटो रिक्शा जब्त किया है। सराफा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर फर्जीवाड़े के नेटवर्क की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सराफा पुलिस टीम को गश्त व मुखबिर से सूचना मिली थी कि खजूरी बाजार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नकली तंबाकू की सप्लाई की जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी धर्मेंद्र जैन निवासी व्यंकटेश विहार, छोटा बांगड़दा को हिरासत में लिया। जब आरोपी के पास मौजूद माल की तलाशी ली गई, तो उसके पास से भारी संख्या में तंबाकू के पैकेट बरामद हुए। जब्ती की कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 5 रुपये अंकित मूल्य वाले 2,500 पाउच तथा 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 5,000 पाउच, इस प्रकार कुल 7,500 नकली 'कमल किशोर तंबाकू' के पाउच बरामद हुए। प्रथम दृष्टया यह सामग्री मूल कंपनी के वास्तविक उत्पाद की हू-ब-हू कॉपी पाई गई, जिसे बाजार में असली बताकर बेचा जाना था। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर कुल 7,500 पाउच नकली तंबाकू तथा घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा क्रमांक एमपी 09 आर 9729 को जब्त कर लिया है। सराफा पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि यह नकली माल कहां तैयार किया जा रहा था और इसे शहर की किन-किन दुकानों पर सप्लाई किया जाना था।

## कृषि अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिकों से किसान हित में चर्चा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संयुक्त संचालक कृषि इंदौर संभाग जितेन्द्रकुमार सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र, इंदौर का भ्रमण कर वैज्ञानिकों से किसानों के हित में कृषि संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों के लिए उपयुक्त फसल किस्मों एवं बीजों की उपलब्धता तथा कम पानी में तैयार होने वाली फसलों के संबंध में विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिक



डॉ. जंगबहादुर सिंह, डॉ. हरिप्रसन्ना के साथ चर्चा भी हुई। कम वर्षा की स्थिति में कम पानी में बेहतर फल उत्पादन के लिए फसल चयन और उनके उपयोग पर भी चर्चा की गई। संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के लिए विकसित की गई गेहूं की विभिन्न किस्मों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। वैज्ञानिकों ने क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त किस्मों के चयन, बीज उपलब्धता तथा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिए जाने के संबंध में भी जानकारी साझा की। चर्चा के दौरान डॉ. राहुल गजघाटे, वरिष्ठ वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान तथा डॉ. आनंद हर्षसाना, सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय इंदौर सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे। इसी क्रम में संयुक्त संचालक कृषि द्वारा बीज व्यवस्था की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नाफेड के डॉ. प्रदीप सिंह कुशवाह द्वारा उपलब्ध बीज एवं बीज व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में किसानों को समय पर पर्याप्त एवं उपयुक्त बीज उपलब्ध कराने तथा कम वर्षा की परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

## ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला मुख्य तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** शहर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। करीब 1.5 लाख रुपये मूल्य की 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में क्राइम ब्रांच ने बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर मुख्य सप्लायर अजय उर्फ अज्जू यादव को भागीरथपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में पकड़े गए दो तस्करों से हुई गहन पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के बाद पुलिस इस मुख्य तस्कर तक पहुंचने में कामयाब रही। आरोपी के खिलाफ केस में धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा करते हुए गिरफ्तारी की गई है।

गत 15 मई को क्राइम ब्रांच टीम ने शिवाजी नगर मेन रोड, विश्रांति चौराहे के पास घेराबंदी कर ओला इलेक्ट्रिक मोपेड सवार दो तस्करों सौरभ उर्फ ईशु ओराडे निवासी राधिका अपार्टमेंट, महालक्ष्मी नगर और गौरव पाटिल निवासी विजय नगर को रंगे हाथों पकड़ा था। इनके कब्जे से 1.5 लाख रुपये कीमत की 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, एक ओला मोपेड और एक आईफोन बरामद किया गया था।मामले में क्राइम ब्रांच थाने पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों से हुई कड़ी पूछताछ और व्हाट्सएप व कॉल रिकॉर्ड्स की पड़ताल में खुलासा हुआ कि वे यह ब्राउन शुगर भागीरथपुरा निवासी अजय उर्फ अज्जू यादव से खरीदकर लाए थे। सूचना की पुष्टि होते ही क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाकर आरोपी अजय को राउंडअप कर लिया। पूछताछ में उसने सौरभ और गौरव को नशे की खेप सप्लाई करना स्वीकार कर लिया है। जांच में सामने आया कि 9वीं तक पढ़ा-लिखा आरोपी अजय सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है, लेकिन इसकी आड़ में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त था। आरोपी अजय का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला गया है, जिसमें उसके खिलाफ बाणगंगा और हातोद थानों में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, बलवा, घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने जैसे 4 गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज पाए गए हैं। क्राइम ब्रांच अब आरोपी से मादक पदार्थों के मूल स्त्रोत, नेटवर्क के अन्य



सदस्यों तथा फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज को लेकर सघन पूछताछ कर रही है।

क्राइम ब्रांच इंदौर द्वारा इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 74 प्रकरण दर्ज कर 166 ड्रग तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है। इन कार्यवाहियों में पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 3 किलो से अधिक एमडी ड्रग्स, 32 किलो से ज्यादा गांजा, 500 किलो भांग, 372 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन सहित लगभग 3 करोड़ 93 लाख 46 हजार रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और वाहन जब्त किए हैं।

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती फातेमा पटवा पति सिराज पटवा** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर सर्विस नम्बर 1001118196 पता-1048 खातीवाला टैंक 204 ए रामायण अपार्टमेंट इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती आंचल केवलमानी पति राहुल केवलमानी** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर सर्विस नम्बर 1001156709 पता-58-2 बैराठी कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती वंदना भट्टानी पति विशाल भट्टानी** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर सर्विस नम्बर 1001115080 पता-391-आर-2 खातीवाला टैंक इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.ओमप्रकाश तिवारी पिता अवधनारायण तिवारी 2.विजयालक्ष्मी तिवारी पति ओमप्रकाश तिवारी** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर सर्विस नम्बर 1001153072 पता-172-1 पलसीकर कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्रीमती प्रियान्सी माहेश्वरी पति श्री केशव माहेश्वरी 2.श्रीमती रेखा माहेश्वरी पति श्री संजय माहेश्वरी** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 1020 दिनांक 06/10/2026 के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर खाता नं. 2000159055 पता 41, श्रीजी कॉरिडोर कालोनी ग्राम बड़ा बांगड़दा इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **अनिकेत सक्सेना पिता श्री अनिल कुमार सक्सेना** द्वारा वार्ड नं. 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-एल-11 एवं एल-12 कासा विलास अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001008601 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **अनिल कुमार भंवरासिया पिता श्री विक्रम सिंह भंवरासिया** द्वारा वार्ड नं. 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-ई-11 कासा विलास अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001008601 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री हृदय नारायण ओझा पिता श्री कृष्ण कुमार ओझा** द्वारा वार्ड नं. 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-ई-16 कासा विलास अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001008601 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **आकर्ष जैन पिता श्री आनंद कुमार जैन** द्वारा वार्ड नं. 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-एल-7 एवं एल-8 कासा विलास अरंडिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001008601 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# पुर्तगाल कैंप छोड़ने पर सख्त सजा के लिए तैयार हूं : रोनाल्डो

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर और कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने नेशंस लीग कैंप को अचानक छोड़कर जाने से पैदा हुए विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। करीब 2,000 शब्दों के एक बेहद भावुक बयान में 41 साल के स्टार फॉरवर्ड रोनाल्डो ने माना कि बिना बताए कैंप छोड़कर जाना उनकी बड़ी गलती थी और वे इसके लिए पुर्तगाल फुटबॉल फेडरेशन से मिलने वाली किसी भी कड़ी सजा का सामना करने को तैयार हैं । हालांकि, उन्होंने अपने फैंस को विश्वास दिलाते हुए साफ कर दिया कि वे इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास नहीं ले रहे हैं और सजा पूरी होने के बाद दोबारा नेशनल टीम की जर्सी पहनने के लिए पूरी तरह उपलब्ध रहेंगे।

### कोच जॉर्ज जीसस पर लगाया भरोसा तोड़ने का गंभीर आरोप

अपने लंबे बयान में रोनाल्डो ने पुर्तगाल के हेड कोच जॉर्ज जीसस पर सार्वजनिक रूप से धोखा देने और दो बार अपना वादा तोड़ने का सीधा आरोप लगाया । रोनाल्डो ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कोच के साथ पहले ही यह सहमति बन चुकी थी कि उनके वर्कलोड और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए वे नॉर्वे और डेनमार्क के खिलाफ होने वाले मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे । हालांकि, नॉर्वे के खिलाफ मैच वाले दिन कोच जीसस अपने फैसले से पलट गए और उन्होंने रोनाल्डो को कम से कम 30 मिनट तक खिलाने का भरोसा दिया । मैच के दौरान रोनाल्डो ने हाफ-टाइम से ही लगातार वार्म-अप किया और समय बीतने का इंतजार करते रहे, लेकिन इसके बावजूद कोच ने उन्हें मैदान पर नहीं उतारा।



### दूसरी बार वादा टूटने पर छोड़ा ट्रेनिंग कैंप

नॉर्वे वाले मैच के बाद हुई व्यक्तिगत मुलाकात में रोनाल्डो और जीसस के बीच एक 8-पॉइंट के दस्तावेज पर सहमति बनी थी, जिसे मीडिया के सामने दिखाया जाना था। इस दस्तावेज में यह स्पष्ट किया जाना था कि रोनाल्डो ने कभी जबरन खेलने की मांग नहीं की थी और कोच द्वारा उन्हें बेवजह वार्म-अप कराकर मैदान पर न उतारना एक रणनीतिक चूक थी। रोनाल्डो ने आरोप लगाया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीसस का रुख पूरी तरह बदल गया और उन्होंने बंद कमरे में हुई बातचीत के उलट बेहद आक्रामक और घमंडी रवैया अपनाया। रोनाल्डो ने कहा कि यह दूसरी बार था जब हेड कोच ने उनके साथ किया गया वादा तोड़ा, जिसके बाद उन्होंने किसी भी नए झूठे वादे का इंतजार किए बिना तुरंत ट्रेनिंग कैंप छोड़ने का कड़ा फैसला लिया।

# सपने सच होते हैं, यह मेरा दिन था: श्रेयस



**लखनऊ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद शतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को 8 विकेट की शानदार जीत दिलाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टीम का लक्ष्य इसी आक्रामक सोच के साथ आगे बढ़ना है। अय्यर ने 43 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाने के अलावा ईशान किशन (नाबाद 37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन की अटूट साझेदारी की जिससे भारत ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम 19.1 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई थी।

अपनी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए अय्यर ने कहा, जीत का स्वाद निश्चित रूप से अलग होता है और ड्रेसिंग रूम में हम इसी बारे में बात करते हैं। अगर आपका दिन है तो सुनिश्चित करें कि आप टीम के लिए मैच जीतें। आज मेरा दिन था। पिछले कुछ मैचों में दूसरे बल्लेबाजों ने मैच खत्म किया था। कुल मिलाकर यह हमारे लिए हर विभाग में शानदार प्रदर्शन रहा। अगर हम इसी सोच के साथ खेलते रहे तो टी20 में सबसे खतरनाक टीमों में से एक बनेंगे।

अपने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक को लेकर अय्यर ने कहा कि यह उनके लिए बेहद खास पल था। उन्होंने कहा, 'आज के प्रदर्शन के लिए उत्साह सही शब्द है।

# जय गिरनारी की आसान जीत

**इंदौर।** एमपीसीए अंडर-15 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत जय गिरनारी एवं महू स्पोर्टस के मध्य मैच खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने अपनी पहली पारी मे 80 ओवरो में सभी विकेट खोकर 256 रन बनाए । अक्षत राठौर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाए । आदित्य मौर्य ने 4 विकेट लिए । जवाब में महू स्पोर्ट्स ने अपनी पहली पारी में 78 ओवरो में सभी विकेट खोकर 222 रन बनाए । अर्नव कुशवाह ने सर्वाधिक 82 रनों का योगदान दिया । अनुग्रह काले एवं महीर केछवा ने 3-3 विकेट लिए । इस तरह जय गिरनारी क्लब को 34 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त हुई । जवाब में मैच समाप्त होने तक जय गिरनारी क्लब ने 19 ओवरों में 3 विकेट खोकर 101 रन बना लिए थे । इस तरह पहली पारी की बढत के आधार पर जय गिरनारी क्लब ने विजय प्राप्त की।



# भूटिया की एकेडमी में मिलेगी वर्ल्ड क्लास कोचिंग

**इंदौर ।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और देश के सर्वकालिक महान फुटबॉलर्स में गिने जाने वाले स्टार स्ट्राइकर, पद्मश्री बाइचुंग भूटिया ने चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) का शुभारंभ किया । उनकी एक झलक पाने के लिए पूरे प्रदेश से फुटबॉल प्लेयर्स, स्टूडेंट और कोचेस इस अवसर पर उपस्थित रहे । जिसमे बाइचुंग भूटिया की एकेडमी द्वारा तैयार किए गए प्रशिक्षित बेस्ट कोचेस ट्रेनिंग देंगे। इस अवसर पर भूटिया ने चोइथराम फुटबाल ट्रॉफी का भी शुभारंभ किया। बाइचुंग भूटिया ने कहा कि, मध्य प्रदेश बहुत संभावनाओं वाला राज्य है । यहां के खिलाड़ी इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म्स पर विविध खेलों में अपना परचम लहरा रहे हैं । यहां इस एकेडमी को शुरू करने से खिलाड़ियों और बच्चों को फुटबॉल की भी वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग मिल सकेगी । साथ ही बच्चों को अपना नाम इंटरनेशनल लेवल पर ले जाने का एक्सपोजर मिल सकेगा । इस एकडेमी में फुटबॉल डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिये खिलाड़ी वर्ल्ड क्लास प्रोटोकॉल के साथ प्रोफेशनल कैरियर बनाने की तैयारी कर सकते हैं।



# विक्रम स्पोर्ट्स क्लब विजेता



**इंदौर।** खरगोन में राज्यस्तरीय कबड्डी का सफल आयोजन हुआ, जिसमें विक्रम स्पोर्ट्स ने सेमीफइनल में इंदौर वांडर्स और फाइनल में आर सी सी भोपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर प्रतीक चौधरी रहे। जबकिऑलराउंडर का पुरस्कार सैफ अली को मिला। इस अवसर पर राम प्रकाश गौतम एवं टीम कोच लक्ष्मण गीते, अशोक मिश्रा, मन्नालाल बिंदौरिया, राजू चौहान, सुनील ठाकुर, परमजीत सिंह पम्मी, भागीरथ जरिया, विक्रम सालुंके ने टीम को बधाई दी।

# मेसी ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच में पेनल्टी पर दागा गोल, हुए भावुक

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनल मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला यादगार अंदाज में खत्म किया। ब्यूनस आयर्स के मॉन्यूमेंटल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना ने बेनिन को 3-0 से हराया। मेसी ने टीम के तीनों गोल में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो गोल में असिस्ट किया, जबकि एक गोल पेनल्टी पर खुद दागा। मेसी के विदाई मुकाबले को लेकर पूरे स्टेडियम में जबरदस्त उत्साह था। टीम बस के स्टेडियम पहुंचने के दौरान मेसी भावुक नजर आए और उनकी आंखों में आंसू थे। मैच से पहले रिवर प्लेट के अध्यक्ष ने भी उन्हें सम्मानित किया। मेसी को क्लब की मानद सदस्यता, स्मृति पट्टिका और उनके नाम की विशेष जर्सी भेंट की गई। बेनिन की टीम ने भी मेसी के सम्मान में खास तोहफा दिया। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मेसी से हाथ मिलाया। 10वें मिनट में स्टेडियम में मेसी के सम्मान में विशेष कार्यक्रम हुआ। सभी खिलाड़ियों ने उनके पास जाकर हाथ मिलाया और आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा। यह पल स्टेडियम में मौजूद फैंस के साथ दुनियाभर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए भी बेहद भावुक रहा।

### 208वें मैच में मैदान पर उतरे मेसी

मेसी अपने करियर का 208वां और आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने उतरे। अर्जेंटीना की शुरुआती एकादश में मेसी के साथ जूलियन अल्वारेज और लाउटारो मार्टिनेज को आक्रमण की जिम्मेदारी दी गई। मुकाबले की शुरुआत से ही अर्जेंटीना ने बेनिन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया।



### ओटामेंडी ने दिलाई बढ़त

अर्जेंटीना को 48वें मिनट में पहला गोल मिला। मेसी ने कॉर्नर से शानदार क्रॉस डाला, जिस पर निकोलस ओटामेंडी ने करीब से सटीक शॉट लगाकर गेंद को क्रॉसबार के नीचे से गोल में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### निको पाज ने बढ़ाई बढ़त

61वें मिनट में अर्जेंटीना ने दूसरा गोल दागा। निको पाज ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर डिफेंस को चीरते हुए मिले शानदार पास को पकड़ा और गेंद को बाएं पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। बेनिन के गोलकीपर के पास इस शॉट को रोकने का कोई मौका नहीं था। अर्जेंटीना की बढ़त 2-0 हो गई।

71वें मिनट में मेसी ने अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में गोल भी कर दिया। अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली और मेसी ने जिम्मेदारी लेते हुए गेंद को बेनिन के गोलकीपर मार्सेल डांजिनो की पहुंच से दूर टॉप राइट कॉर्नर में पहुंचा दिया। मेसी के गोल के बाद अर्जेंटीना 3-0 से आगे हो गया। 82वें मिनट में अर्जेंटीना चौथा गोल करने के करीब पहुंचा। फ्रांको मास्टेंटुओनो ने डिफेंडर को छकाकर दूर से शॉट लगाया, लेकिन बेनिन के गोलकीपर ने इसे आसानी से पकड़ लिया। इसके बाद अर्जेंटीना की ओर से कुछ और कोशिशें हुईं, लेकिन स्कोर में बदलाव नहीं हुआ।

मैच के आखिरी पलों में मेसी को फ्री-किक से अपने खाते में एक और गोल जोड़ने का मौका मिला। उन्होंने शानदार प्रयास किया, लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से निकल गई। इसके साथ ही अर्जेंटीना ने 3-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### भावुक माहौल में मेसी की विदाई

अंतिम सीटी बजते ही मैदान पर भावुक दृश्य देखने को मिला। खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आए। अर्जेंटीना के लिए मेसी ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला जीत के साथ खत्म किया। दो असिस्ट और एक गोल के साथ उन्होंने अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय सफर को यादगार विदाई दी। मेसी की इस विदाई पर सिर्फ अर्जेंटीना ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के फुटबॉल प्रशंसकों की आंखें नम नजर आईं।

# गमी से लौट रहे पिता-पुत्र की बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, पिता की मौत, बेटा गंभीर

## भोपाल से लौटते समय हुआ हादसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्षिप्रा थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया जा रहा है कि मांगलिया टोल प्लाजा के समीप एक अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में पिता की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका 19 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों गमी के एक कार्यक्रम में शामिल होकर भोपाल से इंदौर अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने अज्ञात



वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बताते है कि शिव नगर मूसाखेड़ी निवासी 48 वर्षीय लीलाकृष्ण (48) अपने 19 वर्षीय बेटे रोहन के साथ बाइक पर सवार होकर भोपाल गए थे। भोपाल में एक रिश्तेदार के यहां गमी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों पिता-पुत्र वापस इंदौर लौट रहे थे। इसी दौरान मांगलिया टोल नाके के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों और पुलिस की मदद से दोनों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद लालकृष्ण को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में घायल बेटे रोहन का इलाज जारी है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक लालकृष्ण साफ-सफाई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का सुराग लगाया जा रहा है।

# बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

खजराना थाना क्षेत्र के रामकृष्ण बाग कॉलोनी में एक 66 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के वक्त बुजुर्ग घर में अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी और बेटा काम के सिलसिले में नगर निगम गए हुए थे। परिजनों के लौटने पर मामले का खुलासा हुआ। खजराना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और खुदकुशी के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

रामकृष्ण बाग कॉलोनी निवासी राजू पिता रामप्रसाद(66 वर्ष)पेशे से झाडू बनाने का काम करते थे। मंगलवार को उनकी पत्नी, जो नगर निगम में कर्मचारी हैं, अपने बेटे समीर के साथ नगर निगम के कार्यालय गई हुई थीं। इसी दौरान घर में राजू अकेले थे। सूने घर का फायदा उठाकर बुजुर्ग ने फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के बेटे समीर ने बताया कि जब वह और उनकी मां काम निपटाकर घर वापस लौटे, तो पिता फंदे से लटके हुए मिले। परिजन तुरंत उन्हें फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर खजराना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे फिलहाल आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# खेत किनारे कचरा जलाने पर खूनी झड़प युवक के सिर पर दराते से किया वार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंद्रावतीगंज थाना इलाके के ग्राम रतनखेड़ी में खेत के पास कचरा जलाने की छोटी सी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना उग्र हुआ कि आरोपियों ने युवक पर में दराते से हमला कर दिया, जिससे युवक का सिर फट गया।**

पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में रतनखेड़ी निवासी फरियादी दीपक राठौर पिता विष्णुलाल ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत के समीप जमा कचरा जला रहा था। इसी दौरान गांव के कृपाराम और श्रवण वहां पहुंचे और कचरा जलाने व धुआं फैलने पर आपत्ति जताते हुए गालियां देने लगे। फरियादी द्वारा गाली देने से रोकने पर दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया और इसी बीच पास पड़े दराते से दीपक के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट आने से पीड़ित लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने कृपाराम और श्रवण के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला में पुलिस और छात्र

**इंदौर।** विजय नगर पुलिस ने होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के 40 से अधिक छात्रों के बीच नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की। पुलिस ने मादक पदार्थ से होने वाले नुकसान और दुष्प्रभाव की जानकारी देने के साथ अगर किसी छात्र को नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री और गलत गतिविधियों की जानकारी हो तो पुलिस को बताए, पर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी पटेल ने विजय नगर थाना का भ्रमण कराकर छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली भी बताई।

# दो दिनों से लगातार उल्टियों से परेशान युवक की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर में रहने वाले एक 29 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक को बीते दो दिनों से लगातार उल्टियां हो रही थीं और उसका खाना-पीना पूरी तरह बंद हो गया था। परिजन उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में एमवायअस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। हीरानगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गायत्री नगर निवासी भोले शंकर पिता धरमदास(29 वर्ष) पेशे से मकान निर्माण में मिस्त्री का काम करता था। मृतक के रिश्तेदार गजेंद्र ने बताया कि पिछले दो दिनों से भोले शंकर का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया था और उसे रुक-रुक कर उल्टियां हो रही थीं। स्थिति यह हो गई थी कि वह जो भी खाता या पीता, वह गले से नीचे नहीं उतर पा रहा था। शुरुआत में परिजनों ने स्थिति को भांपते हुए स्थानीय क्लीनिक पर ही उसका प्राथमिक इलाज करवाया, लेकिन उसकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। मंगलवारर को जब उसकी हालत अत्यधिक बिगड़ गई, तो परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।हीरानगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा।

## मोबाइल दुकान से लाखों के महंगे स्मार्टफोन और नकदी ले उड़े चोर

**इंदौर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक व छात्र बहुल क्षेत्र भंवरकुआं में एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाकर नकदी और कीमती इलेक्ट्रॉनिक्स सामान चोरी करने की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने दुकान में घुसकर कई महंगे आईफोन, अन्य ब्रांडेड मोबाइल फोन, एक्सेसरीज और गल्ले में रखे नकद रुपये पार कर दिए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर भंवरकुआं थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, आवासा एवेन्यू बिजलपुर निवासी गुरदास पिता बलराम थरानी ने थाने पहुंचकर चोरी की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि भंवरकुआं क्षेत्र में उनकी 'चॉइस मोबाइल कवर' नाम से दुकान संचालित होती है। अज्ञात बदमाश ने उनकी दुकान के अंदर अवैध रूप से प्रवेश किया और वहां रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर दुकान से एक आईफोन 11, एक आईफोन एक्सआर, एक मोटोरोला, एक रेडमी नोट 9 प्रो और एक ओप्पो ए3एस मोबाइल फोन चुरा ले गया। इसके अलावा, शातिर बदमाश दुकान में रखे फरियादी के अन्य मोबाइल फोन जिनमें रेडमी नोट 7 प्रो, रियलमी सी 55, आईफोन 7 शामिल हैं, के साथ-साथ दो मोबाइल चार्जर, तीन ईयरपोड्स, चार पावर बैंक, स्पीकर और गल्ले में रखी नकदी भी बटोर कर रफूचक्कर हो गया। दुकान खोलने पर जब फरियादी को चोरी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। भंवरकुआं पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की धरपकड़ के प्रयास जारी हैं।

# सड़क हादसे में घायल टेलीकॉम कंपनी कर्मचारी ने दम तोड़ा

**इंदौर।** खुडैल थाना क्षेत्र के देवगुराड़िया के समीप हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक दो दिन पहले वाहन दुर्घटना का शिकार हुआ था। मंगलवार रात उसकी सांसें थम गईं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। भवानी नगर देवास निवासी 25 वर्षीय अर्जुन पिता तुलसीराम तलवारे एक टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत था। 5 अक्टूबर की रात वह किसी काम से जा रहा था, तभी देवगुराड़िया क्षेत्र के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर चोटें आने के कारण उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद मंगलवार रात उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि महज चार माह पूर्व ही अर्जुन का विवाह हुआ था। अचानक हुई इस दुखद घटना से नवविवाहिता पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे माता-पिता और दो भाइयों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। खुडैल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सटीक कारणों व हादसे में शामिल वाहन का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।